पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 248

ग्वालियर, सोमवार, 1 नवम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

खास खबर

9 लाख दीपों जगमगाएगी अयोध्या : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव में अब ज्यादा समय नहीं बचा है। कुछ ही महीनों में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने की उम्मीद है। लेकिन उससे पहले अयोध्या में सीएम योगी ने बताया कि दीपोत्सव का यह 5वां आयोजन है और आज ये अयोध्या का उत्सव बन चुका है और दुनिया का हर श्रद्धालु आज अयोध्या के दीपोत्सव का इंतजार करता है। इस बार राम की पैढ़ी में 9 लाख दीपक प्रज्जवलित होंगे। 2017 में हमें 51 हजार दीपक पूरे प्रदेश से लेने पड़े थे। इस बार सभी 9 लाख दीपक अयोध्या में बन चुके हैं।

नक्सलियों की कमर तोड़ने को तैयार सरकार

नई दिल्ली। देश के नक्सल इलाकों में करीब 50 नक्सल कमांडर सुरक्षा बलों के रडार पर हैं। ये आंध्र, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ सहित नक्सल प्रभावित राज्यों में सक्रिय हैं। सुरक्षा बलों ने केंद्रीय और राज्यों की खुफिया एजेंसियों के इनपुट पर समन्वय के साथ नक्सली कमांडर की हिट लिस्ट तैयार करके व्यापक अभियान चलाया है। खुफिया एजेंसियों से मिली जानकारी के मुताबिक, 25 लाख रुपये का इनामी नक्सल कमांडर हिड़मा भी इसमें शामिल है। हालांकि, हिड़मा को बीमार बताया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों ने टॉप 50 नक्सल कमांडर्स की लिस्ट तैयार की है। जो छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में सक्रिय हैं। सूची में शामिल हिड़मा बीजापुर में सीआरपीएफ और डीआरजी के खिलाफ हमले में शामिल है, जिसमें 23 जवान शहीद हो गए थे। वह बस्तर में हुई कई बड़ी नक्सली वारदातों का भी मास्टरमाइंड रहा है। हिड़मा के अलावा सुकमा में सक्रिय रघु, पीएलजीए का नागेश और श्रीधर भी सुरक्षाबलों की हिट लिस्ट में शामिल हैं। खुफिया सूचनाओं के मुताबिक, नक्सलियों के एक सेंट्रल लीडर के अंतिम संस्कार में हिड़मा कुछ समय पहले शामिल हुआ था, वहीं पता चला कि वह काफी बीमार है। खुफिया एजेंसियों के इनपुट के बाद हिड़मा की तलाश के लिए आंध्र प्रदेश और तेलंगाना स्थित कई अन्य स्थानों पर तलाशी तेज की गई है। सुरक्षा एजेंसियों ने पुलिस की मदद से विजयनगरम, विशाखापत्तनम, विजयवाड़ा और वारंगल समेत कई इलाकों में छानबीन की है। सूत्रों ने कहा कि सुकमा के अलावा नक्सलियों द्वारा बनाए जा रहे नए त्रिकोण भी सुरक्षा बलों के रडार पर है। महाराष्ट्र, तेलंगाना और ओडिशा के त्रिकोण पर घने जंगलों में प्रमुख नक्सलियों के छिपे होने की खबर मिली थी। खुफिया विभाग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि सुकमा, बस्तर, दंतेवाड़ा सहित नक्सल से सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में नक्सल कमांडरों की रीढ़ तोड़ने की मुहिम जारी है। उन इलाकों में नक्सलियों का किला ध्वस्त करने की तैयारी है, जहां सघन जंगलों की वजह से सुरक्षा बल अमूमन नहीं घुस पाते। कई नक्सल नेता मारे गए हैं। लेकिन टॉप लीडरशिप में बचे हुए कुछ बड़े चेहरे हिट लिस्ट में हैं। मालूम हो कि पिछले दो-तीन सालों में नक्सलियों ने बड़ी संख्या में आत्मसमर्पण किया है। साथ ही मुठभेड़ में मारे भी गए हैं। शीर्ष नक्सली नेताओं की भी बड़े पैमाने पर धरपकड़ हुई है।

पंजाब के सीएम ने कांग्रेसी विधायकों के साथ संबंध बनाने शुरू किए

जालंधर। पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने राज्य में कांग्रेस विधायकों के साथ नजदीकी संबंध बनाने शुरू कर दिए हैं। हालांकि यह कोशिश उन्होंने मुख्यमंत्री बनते ही शुरू कर दी थी पर अब वह इस कार्य में तेजी के साथ जुट गए हैं। संभावित है की उन्हें कांग्रेस की केंद्रीय लीडरशिप से भी कुछ इशारा मिला है। मुख्यमंत्री के सूत्रों ने बताया कि चन्नी 31 अक्टूबर को जालंधर दौरे पर पहुंच रहे हैं। इस दौरान भी उनका मिशन विधायकों के साथ आपसी संबंध जोड़ना ही रहेगा। जालंधर दौरे के दौरान वह जालंधर के साथ संबंध रखते कांग्रेसी विधायकों के घर विशेष तौर पर जा रहे हैं। इस दौरान वह कांग्रेसी नेताओं के साथ भी संबंध कायम करेंगे। इससे पहले जब वह अमृतसर दौरे पर गए थे तब भी वह सभी कांग्रेसी विधायकों के घर गए थे। चन्नी अब जिस भी जिले का दौरा करने जाते हैं तो वह विशेष तौर पर संबंधीत विधायकों के घरों में जरूर जा रहे हैं। इससे पहले पंजाब कांग्रेस समिति के प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू ने यह कार्य शुरू किया था पर उन्होंने इस अभ्यान को बीच में ही रोक दिया। सिद्धू ने पिछले कुछ समय से अपनी राजनीतिक गतिविधियों को रोका हुआ है पर दूसरी तरफ चन्नी राजनीतिक तौर पर ज्यादा एक्टिव हो चुके हैं।

सुवासरा में स्व. श्री पाटीदार की प्रतिमा होगी स्थापित

मुख्यमंत्री चौहान ने पूर्व विधायक स्व. नानालाल पाटीदार को दी श्रद्धांजलि

स्व. पाटीदार के नाम से होगा सुवासरा बस स्टैंड का नाम

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मंदसौर जिले की तहसील सुवासरा के गाँव गुराडिया प्रताप पहुँचकर पूर्व विधायक स्व. नानालाल पाटीदार को श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिवार को ढाढ़स बंधाया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्व. श्री पाटीदार जी का नाम चिरस्थाई करने के लिए सुवासरा में उनकी प्रतिमा स्थापित की जाएगी और सुवासरा बस स्टैंड का नाम स्व. श्री पाटीदार के नाम पर रखा जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्व. श्री पाटीदार ने अपना पूरा जीवन समाज-सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने 90 साल का यशस्वी जीवन जिया। ऐसी जिंदगी जीने का नसीब बहुत कम लोगों को प्राप्त होता है। स्व. श्री पाटीदार एक परिवार के नहीं बल्कि एक विशाल परिवार के सदस्य थे। हम सभी को उनके बताए रास्ते पर चल कर उनके संकल्प को पूरा करना चाहिए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्व. श्री पाटीदार के संस्कारों का ही परिणाम है कि इस गाँव में सबसे अधिक पढ़े-लिखे लोग हैं और 14 डॉक्टर गाँव में है। अच्छे संस्कार देने का परिणाम है कि आज यहाँ के बच्चे भी चमत्कार कर रहे हैं। श्री पाटीदार के नाम से यहाँ एक ट्रस्ट भी चलाया जा रहा है, जो नेत्र शिविर लगाकर लोगों की सेवा कर उनके संकल्पों को पूरा कर रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने परमपिता परमेश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। स्व. नानालाल पाटीदार को श्रद्धा-सुमन अर्पित करने भानपुरा पीठ के महाराज शंकराचार्य, केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर,जिले के प्रभारी तथा औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगाँव, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम एवं विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा तथा पर्यावरण मंत्री हरदीप सिंह डंग सहित जन-प्रतिनिधि, अधिकारीएवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

पेट्रोल डीजल की बढ़ी कीमत से लोगों की जेब ढीली, सरकार हुई मालामाल

नई दिल्ली। पेट्रोल डीजल की रिकॉर्ड हाई कीमतों से आम आदमी की जेब पर लोड बढ़ता जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ, सरकार को बढ़ती कीमतों से जबरदस्त मुनाफा हो रहा है। पेट्रोलियम उत्पादों पर उत्पाद शुल्क संग्रह चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 33 प्रतिशत बढ़ा है।आधिकारिक आंकड़ों से इसकी जानकारी मिली है।यदि कोविड-पूर्व के आंकड़ों से तुलना करे, तब पेट्रोलियम उत्पादों पर उत्पाद शुल्क संग्रह में 79 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि हुई है।वित्त मंत्रालय में लेखा महानियंत्रक (सीजीए) के आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्तवर्ष के पहले छह माह में पेट्रोलियम उत्पादों पर सरकार का उत्पाद शुल्क संग्रह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 33 प्रतिशत बढ़कर 1.71 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।पिछले साल की समान अवधि में यह 1.28 लाख करोड़ रुपये रहा था।

यह अप्रैल-सितंबर, 2019 के 95,930 करोड़ रुपये के आंकड़े से 79 प्रतिशत अधिक है।पूरे वित्त वर्ष 2020-21 में पेट्रोलियम उत्पादों से सरकार का उत्पाद शुल्क संग्रह 3.89 लाख करोड़ रुपये रहा था।2019-20 में यह 2.39 लाख करोड़ रुपये था।माल एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली लागू होने के बाद सिर्फ पेट्रोल, डीजल, विमान ईंधन और प्राकृतिक गैस पर ही उत्पाद शुल्क लगता है।अन्य उत्पादों और सेवाओं पर जीएसटी लगता है।सीजीए के अनुसार, 2018-19 में कुल उत्पाद शुल्क संग्रह 2.3 लाख करोड़ रुपये रहा था।इसमें से 35,874 करोड़ रुपये राज्यों को वितरित किए गए थे।इससे पिछले 2017-18 के वित्त वर्ष में 2.58 लाख करोड़ रुपये में से 71,759 करोड़ रुपये राज्यों को दिए गए थे।

वित्त वर्ष 2020-21 की पहली छमाही में पेट्रोलियम उत्पादों पर बढ़ा हुआ (इंक्रीमेंटल) उत्पाद शुल्क संग्रह 42,931 करोड़ रुपये रहा था।यह सरकार की पूरे साल के लिए बांड देनदारी 10,000 करोड़ रुपये का चार गुना है।ये तेल बांड पूर्ववर्ती कांग्रेस की अगुवाई वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में जारी किए गए थे। ज्यादातर उत्पाद शुल्क संग्रह पेट्रोल और डीजल की बिक्री से हासिल हुआ है।अर्थव्यवस्था में पुनरुद्धार के साथ वाहन ईंधन की मांग बढ़ रही है।कारोबार सूत्रों का कहना है कि चालू वित्त वर्ष में बढ़ा हुआ उत्पाद शुल्क संग्रह एक लाख करोड़ रुपये से अधिक रह सकता है।

पूर्ववर्ती संप्रग सरकार ने रसोई गैस, केरोसिन और डीजल की लागत से कम मूल्य पर बिक्री की वजह से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए पेट्रोलियम कंपनियों को कुल 1.34 लाख करोड़ रुपये के बांड जारी किए थे। वित्त मंत्रालय का कहना है कि चालू वित्त वर्ष में इसमें से 10,000 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने लोगों को वाहन ईंधन की ऊंची कीमतों से राहत देने में पेट्रोलियम बांडों को बाधक बताया है।

सपा शासनकाल में खुद पर हुए अत्याचार भूली नहीं हैं यूपी की महिलाएं : स्मृति ईरानी

लखनऊ। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर हमला करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की महिलाएं और लड़कियां इस पार्टी के शासनकाल में खुद पर होने वाले अत्याचार को भूली नहीं हैं। स्मृति ईरानी ने लखनऊ की बाबा भीमराव आंबेडकर यूनिवर्सिटी में आयोजित 'धरोहर- कुशल हाथों की सफल उड़ान' कार्यक्रम में कहा कुछ राजनीतिक दल चुनाव के दिनों में अपने आप को एक नए स्वरुप में प्रस्तुत करने का प्रयास कर रहे हैं। दिक्कत की बात यह है कि उनके सरोकार नहीं बदले हैं।

वे राजनीति के लिए प्रयास कर रहे हैं और हम राष्ट्रनीति से ओत-प्रोत होकर समाज कल्याण में अपने आप को समर्पित कर रहे हैं। उन्होंने सपा संस्थापक मुलायम सिंह द्वारा वर्ष 2014 में लड़कों से गलती हो जाती है, वाले बयान की

तरफ इशारा करते हुए कहा जो लोग आज चुनाव के समय रणभूमि में उतर कर राजनीति करना चाहते हैं, उनसे कहना चाहती हूं की उत्तर प्रदेश की महिला भूली नहीं वो मंजर, जब उसकी प्रताड़ना होती थी, क्यूंकि एक विशेष राजनीतिज्ञ उत्तर प्रदेश में सरकार चला रहे थे, जिनका दुस्साहस इतना था की वो कहते थे कि लडकों से गलती हो जाती है। स्मृति ईरानी ने कहा उत्तर प्रदेश की महिलाएं भूली नहीं हैं जब सूर्यास्त के बाद खुले में शौच करने को मजबूर थी क्यूंकि उसके घर में शौचालय बनाने की किसी ने जहमत नहीं उठाई थी। महिलाएं थाने जाने से भी डरती थी, लेकिन आज भाजपा सरकार में हर एक थाने में महिला हेल्प डेस्क और 'एंटी रोमिओ स्क्वॉड' की स्थापना कर महिलाओं के खिलाफ अपराध को रोकने का काम हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि मुलायम सिंह यादव ने अप्रैल 2014 में लोकसभा चुनाव के लिए मुरादाबाद में आयोजित एक जनसभा में कहा था कि सामूहिक बलात्कार के मामले में फांसी की सजा नहीं देनी चाहिए। उन्होंने कहा था लड़के तो लड़के हैं, उनसे गलतियां हो जाती हैं। उन्होंने वादा किया था कि केंद्र की सत्ता में आने पर ऐसा कानून बनाएंगे जिससे फांसी दिलाने वाले कानून का दुरुपयोग रोका जा सके।

बॉर्डर से जबरन हटाया गया तो सरकारी दफ्तरों को ही बना देंगे गल्ला मंडी : राकेश टिकैत

नई दिल्ली। केंद्र सरकार के तीन नए कृषि कानूनों के विरोध में यूपी, पंजाब और हरियाणा समेत कई राज्यों के किसान आंदोलन कर रहे हैं। इस बीच भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा है कि यदि दिल्ली बार्डर से किसानों को जबरन हटाया गया तो सरकारी दफ्तरों को गल्ला मंडी बना देंगे।

उन्होंने दिल्ली-यूपी गाजीपुर बॉर्डर से हटाए जा रहे बैरिकेडिंग को लेकर कहा कि प्रशासन जेसीबी की मदद से यहां लगे टेंट उखाड़ने की कोशिश कर रहा है। अगर प्रशासन यहां से टेंट उखाड़ेगा तो किसान पुलिस स्टेशन और डीएम समेत सरकारी दफ़्तरों के बाहर टेंट लगा लेंगे। इसके

अलावा राकेश टिकैत ने रविवार की सुबह ट्वीट किया, 'किसानों को अगर बॉर्डरों से जबरन हटाने की कोशिश हुई तो वे देश भर में सरकारी दफ्तरों को गल्ला मंडी बना देंगे। उन्होंने कहा कि सरकार हठधर्मिता छोड़े, वरना संघर्ष और तेज होगा। उन्होंने कहा कि यूपी में होने वाले विधानसभा चुनाव में किसान इस सरकार को ताकत का एहसास करा देंगे। सरकार कोई गलतफहमी में न रहे। कृषि कानूनों की वापसी से कम किसी भी समझौते पर आंदोलन खत्म होने वाला नहीं है। बता दें कि दिल्ली पुलिस ने गाजीपुर बॉर्डर से बैरिकेड और कटीले तार हटाकर रास्ता साफ कर दिया है, किसानों ने भी अपने टेंट हटा दिए हैं। अब रास्ता खुल गया है। इस बीच, नोएडा अथॉरिटी के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन के दौरान कार्यालय के गेट पर ताला लगाने और कर्मचारियों को बंधक बनाने वाले 800 किसानों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।



वन-टू-वन

टी20 विश्वकप के सुपर-12 चरण के मुकाबले में नॉर्खिया का कमाल, परेरा को किया बोल्ड

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच टी20 विश्वकप के सुपर-12 चरण के मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के पेसर एनरिक नॉर्खिया ने प्रभावी प्रदर्शन किया। नॉर्खिया ने कुसल परेरा को बोल्ड किया। आईसीसी ने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो क्लिप शेयर किया है जिसमें साफ दिख रहा है कि कैसे परेरा ने शॉट लगाने की कोशिश की लेकिन गेंद सीधे मिडल स्टंप को उखाड़ते हुए चली गई। शारजाह में इस मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेंबा बावुमा ने टॉस जीतकर श्रीलंका को पहले बल्लेबाजी का न्योता किया। नॉर्खिया ने ही श्रीलंकाई टीम को पहला झटका दिया। पारी के चौथे ओवर में दक्षिण अफ्रीकी टीम को पहली सफलता मिली। श्रीलंकाई टीम के 20 रन के स्कोर पर एनरिक नॉर्खिया ने विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल परेरा (7) को बोल्ड कर दिया। परेरा ने सीधे शॉट खेलने का प्रयास किया और तेजी से बल्ला घुमाया लेकिन नॉर्खिया की गेंद सीधे स्टंप पर लगी और टीम ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। उन्होंने इसके बाद दुष्मांता चमीरा को भी बोल्ड किया, जो 4 गेंदों पर 3 रन बनाकर पैवेलियन लौटे। नॉर्खिया आईपीएल के पिछले सीजन में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेले थे। नॉर्खिया ने इस मुकाबले में 4 ओवर में 27 रन देकर 2 विकेट झटके। श्रीलंकाई टीम 142 रन के स्कोर पर ऑलआउट हुई। तबरेज शम्सी और ड्वेन प्रिटोरियस ने 3-3 विकेट झटके। श्रीलंका के लिए ओपनर पाथुम निसांका ने 58 गेंदों पर 6 चौकों और 3 छक्कों की बदौलत सबसे ज्यादा 72 रन बनाए।

माही का रिकॉर्ड ध्वस्त करने वाले अफगान खिलाड़ी असगर ने इंटरनेशनल क्रिकेट को कहा अलविदा

नई दिल्ली। अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान ने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने के ऐलान कर सबको चौंका दिया है। रविवार को नामीबिया के खिलाफ मुकाबले में अफगानिस्तान के लिए आखिरी बार खेलते दिखेंगे। 33 साल के असगर ने 2018 में भारत के खिलाफ अफगानिस्तान के ऐतिहासिक डेब्यू टेस्ट मुकाबले में भी टीम की कप्तानी की। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने असगर के संन्यास की पुष्टि करते हुए ट्वीट किया, अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान ने नामीबिया के खिलाफ टीम के तीसरे मुकाबले के बाद सभी प्रारूपों से संन्यास लेंगे। उनके पास बतौर कप्तान टी20 इंटरनेशनल में पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी को पीछे छोड़ते हुए सर्वाधिक मैच जीतने का रिकॉर्ड है। ट्वीट में आगे लिखा गया है, बोर्ड उनके फैसले का सम्मान करता है और देश के लिए अपनी सेवाएं देने के लिए आभार जताता है। युवा खिलाड़ियों को उनका भरने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।% दाएं हाथ के बल्लेबाज असगर अफगान ने अफगानिस्तान के लिए अबतक 6 टेस्ट, 114 वनडे और 74 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं, जिसमें क्रमशः 440, 2424 और 1351 रनों का योगदान दिया। इस दौरान उन्होंने दो शतक और 19 अर्धशतक भी लगाए हैं। साल 2009 में अफगानिस्तान के लिए इंटरनेशनल डेब्यू करने वाले असगर टी20 इंटरनेशनल में अपनी टीम के लिए तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। वहीं वनडे इंटरनेशनल में वह इस मामले में चौथे स्थान पर हैं।

इंडियन बैंक में हुई 266 करोड़ की धोखाधड़ी

नई दिल्ली। इंडियन बैंक ने कहा कि उसने तीन गैर-निष्पादित आस्ति (एनपीए) खातों के संबंध में रिजर्व बैंक को 266 करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी की सूचना दी है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इन गैर-निष्पादित खातों को धोखाधड़ी वाले खाते घोषित किया गया है और नियामकीय जरूरत के मुताबिक इसकी जानकारी रिजर्व बैंक को दी गई है। बैंक ने 166.89 करोड़ रुपए के बकाया के साथ एमपी बॉर्डर चेकपोस्ट डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड, पुणे शोलापुर सड़क विकास (72.76 करोड़ रुपए) और सोनाक (27.08 करोड़ रुपए) को धोखधड़ी वाला घोषित किया है। इंडियन बैंक में इसी साल मार्च के महीने के दौरान भी 35 करोड़ रुपए का एक फ्रॉड हुआ था, जिसकी जानकारी बैंक ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को दी थी। उस दौरान भी तीन खातों में गड़बड़ी पाई गई थी, लेकिन तब अमाउंट छोटा था, लेकिन अब बड़ा है।

महिंद्रा एंड महिंद्रा ने शुरू की अपनी नई एसयूवी एक्सयूवी-700 की डिलीवरी

नई दिल्ली। दिग्गज कार निर्माता महिन्द्रा एंड महिन्द्रा ने कुछ समय पहले ही अपनी बहुप्रतीक्षित एसयूवी महिंद्रा एक्सयूवी 700 लॉन्च की है। देश में इस कार की धड़ाधड़ बुकिंग की जा रही है। बुकिंग करने वाले ग्राहकों को कार की डिलीवरी का इंतजार था। अब इंतजार खत्म। महिन्द्रा एंड महिन्द्रा ने आज से अपनी इस बहुप्रतीक्षित कार की डिलीवरी शुरू कर दी है। महिंद्राएक्यूवी 700 के लिए बुकिंग 7 अक्टूबर से शुरू हुई थीं। कंपनी की ओर से बुकिंग ओपन किए जाने के बाद से ही लोगों ने इस कार में खूब दिलचस्पी दिखाते हुए इसे हाथों हाथ लिया। इस कार में कंपनी टर्बोचार्ज्ड पेट्रोल इंजन और टर्बोचार्ज्ड डीजल इंजन का ऑप्शन दे रही है। यह दोनों इंजन ऑटोमेटिक और मैन्युअल गियरबॉक्स दोनों ऑप्शन के साथ आने वाले हैं, ताकि ग्राहक अपनी जरूरत के मुताबिक वेरियंट चुन सकें। महिंद्रा एक्सयूवी700 में नई ब्लैक ग्रिल के साथ लंबा वर्टिकल क्रोम स्लेट्स और फ्रंट पर नया लोगो दिया गया है। इसमें नई एलईडी हेडलैंप्स के साथ एलईडी डीआरएल, बड़ा ट्विन सी-शेप्ड एलईडी डेटाइम रनिंग लाइट्स दी गई हैं। इसमें नए फ्लश-फिटिंग डोर हैंडल्स, इलेक्ट्रिक से चलने वाले ओआरवीएम के साथ इंटीग्रेटेड टर्न सिग्नल्स और फ्लेयर्ड वील आर्क्स दिए गए हैं, जो इसे दमदार लुक दे रहे हैं। इसके रियर में स्टाइलिश रैपअराउंड एलईडी टेललैंप्स के साथ टेलगेट दिया है।

पाकिस्तानी खिलाड़ी आसिफ के गन एक्शन की अफगानिस्तान के राजदूत ने की आलोचना

पाकिस्तानी खेल पत्रकार ने धोनी की इसतरह के एक्शन वाली फोटो ट्वीट की

नई दिल्ली। पाकिस्तानी खिलाड़ी आसिफ अली पिछले दो दिनों से अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच हुए मैच में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए तारीफ बटोर रहे हैं।मैच के आखिरी पलों में आसिफ ने चार छक्कों की मदद से पाकिस्तानी टीम को जीत दिला दिलाई थी।लेकिन पिछले शनिवार को श्रीलंका में अफगानिस्तान के राजदूत एम अशरफ हैदरी ने आसिफ अली की आलोचना की थी।आसिफ अली ने मैच के दौरान एक मौके पर अपने बल्ले को बंदूक की तरह पकड़ा था।उनके इसी एक्शन पर अफगानिस्तान के राजदूत ने आपत्ति दर्ज की है।आसिफ अली के एक्शन की आलोचना करते हुए एम अशरफ हैदरी ने ट्वीट किया, पाकिस्तान के प्रमुख खिलाड़ी आसिफ अली द्वारा अफगानिस्तान के खिलाड़ियों को बंदूक के रूप में अपना बल्ला दिखाते हुए आक्रामकता का शर्मनाक कृत्य, जिसने उन्हें और उनकी टीम को कड़ी चुनौती दी। सबसे बढ़कर खेल, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, मित्रता और शांति से जुड़ा है, युद्ध का भी समय आएगा। एक अन्य ट्विटर यूजर ने लिखा, आसिफ आपको खुद पर शर्म आनी चाहिए।हालांकि, आलोचना से पहले ही आसिफ अली के गनशॉट एक्शन की तस्वीर वायरल हो रही थी।लेकिन हैदरी की आलोचना के बाद यह तस्वीर विवाद का विषय बन गई है।इसके लिए कुछ लोगों ने आसिफ अली की आलोचना की है, लेकिन ज्यादातर लोगों ने आलोचना को अनावश्यक बताया है।पाकिस्तानी खेल पत्रकार ने तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें दिखाया गया है कि पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने भी जयपुर में श्रीलंका के खिलाफ हुए मैच के दौरान ऐसा ही एक्शन किया था।पाकिस्तानी खेल पत्रकार ने लिखा, धोनी ने श्रीलंका के खिलाफ मैच में भी ऐसा ही किया था, लेकिन श्रीलंकाई स्मार्ट हैं।और वे अच्छी भावना के साथ क्रिकेट खेलते हैं।खेल के साथ राजनीति को न मिलाएं।तस्वीर को लेकर हुए विवाद के बाद धोनी की आसिफ अली की तस्वीर के साथ तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।साल 2006 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे मैच में शतक पूरा करने के बाद महेंद्र सिंह धोनी ने इसी तरह उनका बल्ला पकड़ा था।लेकिन धोनी से पहले क्रिकेट जगत के महान खिलाड़ी विवियन रिचर्ड्स भी कुछ ऐसा ही एक्शन कर चुके हैं।

'फिट इंडिया प्लॉग रन का समापन

नई दिल्ली। फिट इंडिया अभियान के तहत जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित वार्षिक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम 'फिट इंडिया प्लॉग रन में 500 से अधिक खिलाड़ियों और कोचों ने भाग लिया। इसके साथ ही 'स्वच्छ भारत' के इस साल के अभियान का समापन भी हुआ, जो एक अक्टूबर से शुरू हुआ था। 'प्लॉगिंग' या 'प्लॉग रन' एक अनूठी गतिविधि है जो फिटनेस और स्वच्छता को जोड़ती है।इसमें प्रतिभागी स्वच्छता और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए दौड़ने (जॉगिंग) के दौरान कूड़े को भी इकट्ठा करते हैं। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एकता की शपथ भी ली। इस सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के रूप में मनाया जाता है। भारत को कूड़ा-मुक्त बनाने के अपने निरंतर अभियान के लिए जाने जाने वाले रिपुदमन बेवली ने मौके पर 'फिट इंडिया प्लॉग रन' का नेतृत्व किया।

फीडे महिला ग्रांड स्विस शतरंज में हरिका ने पूर्व विश्व चैम्पियन स्टेफनोवा को हराया

रीगा। लातविया फीडे ग्रांड स्विस की शुरुआत के तीसरे दिन भारत के लिए महिला वर्ग से शानदार नतीजा आया और भारत की हरिका द्रोणावल्ली नें लगातार दूसरी जीत हासिल करते हुए सयुंक्त बढ़त हासिल कर ली है। हरिका नें बुल्गारिया की पूर्व विश्व चैम्पियन अंटोनेटा स्टेफनोवा को हरा दिया। सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए हरिका ने राय लोपेज ओपेनिंग मे लगभग बराबर लग रही बाजी में हाथी के शानदार खेल से 68 चालों तक चले मुक़ाबले मे जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही हरिका 3 राउंड के बाद 2.5 अंक बनाते हुए 8 अन्य खिलाड़ियों के साथ सयुंक्त पहले स्थान पर चल रही हैं और अब अगले राउंड में उनका मुक़ाबला चीन की जु जिनेर से होगा। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में पद्मिनी राऊत ने हमवतन आर वैशाली को मात देते हुए लगातार दूसरी जीत हासिल की।

कयासो के बीच आकाश चोपड़ा बोले- भारत नहीं इन दो टीमों के बीच होगा टी-20 विश्व कप का फाइनल

नई दिल्ली। फटाफट क्रिकेट टी-20 विश्वकप-2021 में कौन होगा चैंपियन इसको लेकर लगातार कयास लगाए जा रहे हैं। टीम इंडिया के लिए हालांकि टूर्नामेंट की शुरुआत अच्छी नहीं रही है। पाकिस्तान के हाथों 10 विकेट से करारी हार मिलने के बाद 31 अक्टूबर की रात को विराट कोहली की सेना को न्यूजीलैंड से भिड़ना है। सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए भारत को कीवी टीम के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। टूर्नामेंट का अभी आधा सफर भी तय नहीं हुआ है, लेकिन कई पूर्व क्रिकेटर्स ने फाइनल में पहुचंने वाली दो टीमों के नामों को लेकर भविष्यवाणी करना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में भारत के पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने अपनी प्रिडिक्शन से हर किसी को चौंका दिया है। आकाश ने वर्ल्ड कप की फाइलिस्ट के तौर पर इंडिया नहीं, बल्कि पाकिस्तान और इंग्लैंड का नाम लिया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड को मिली धमाकेदार जीत के बाद आकाश ने अपने ट्विटर पर प्रिडिक्शन करते हुए कहा कि उनके हिसाब से इंग्लिश टीम की फाइनल में भिड़ंत पाकिस्तान से होती दिख रही है। इंग्लैंड ने अब तक खेले अपने तीनों ही मैचों में जीत दर्ज की है और इयोन मोर्गन की अगुवाई में टीम शानदार लय में नजर आ रही है। शनिवार को खेले गए मुकाबले में टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से रौंदा और 126 रनों के लक्ष्य को महज 11। 4 ओवर में हासिल किया। टीम की ओर से जोस बटलर ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए महज 32 गेंदों में 71 रनों की नाबाद पारी खेलकर टीम को एकतरफा जीत दिलाने में अहम योगदान दिया। इंग्लैंड के बॉलर्स भी अबतक टूर्नामेंट में अच्छी फॉर्म में दिखाई दिए हैं।

वहीं, दूसरी तरफ पाकिस्तान इस टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीम बनकर उभरी है। टीम इंडिया को 10 विकेट से पीटने के बाद बाबर आजम की टीम ने न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान पर भी कोई रहम नहीं दिखाया। तीनों ही मुकाबलों में टीम का प्रदर्शन लाजवाब रहा है और गेंदबाज से लेकर बल्लेबाज हर किसी ने अपना योगदान दिया है। टॉप ऑर्डर में जहां बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान ने रन बरसाए हैं तो निचले क्रम में आसिफ अली और शोएब मलिक ने टीम को जीत तक पहुंचाने में अहम किरदार निभाया है।

सिंधु का फ्रेंच ओपन बैडमिंटन में सफर समाप्त सयाका तकाहाशी ने सेमीफाइनल में दी मात

नई दिल्ली। भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु शनिवार को महिला सिंगल्स सेमीफाइनल में जापान की सयाका तकाहाशी से तीन गेम तक चले संघर्षपूर्ण मैच में हारकर फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। हैदराबाद की 26 वर्षीय खिलाड़ी पहला गेम जीतने का फायदा नहीं उठा पाई और विश्व में 15वें नंबर की तकाहाशी से 21-18, 16-21, 12-21 से हार गई।

सिंधु को इस तरह से 29 वर्षीय जापानी खिलाड़ी से आठ मुकाबलों में चौथी हार का सामना करना पड़ा। मौजूदा विश्व चैंपियन सिंधु पिछले सप्ताह ओडेन्से में डेनमार्क ओपन के क्वार्टर फाइनल में हार गई थी। विश्व में सातवें नंबर की भारतीय खिलाड़ी ने सकारात्मक अंदाज में शुरुआत की। दोनों खिलाड़ी पहले गेम में एक समय 5-5 और फिर 9-9 से बराबरी पर थीं। जापानी खिलाड़ी हालांकि ब्रेक के समय 11-10 से आगे थी। सिंधु ने ब्रेक के बाद वापसी की और 17-16 से आगे हो गई। सिंधु के पास इसके बाद चार गेम प्वाइंट थे जिसमें उन्होंने दो गंवाए लेकिन तीसरे पर पहला गेम अपने नाम करने में सफल रही। दूसरे गेम में भी सिंधु ने शुरू में अपनी लय बनाए रखी थी। वह एक समय 5-2 से आगे थे, लेकिन तकाहाशी ने जल्द ही स्कोर 6-6 से बराबरी पर ला दिया। सिंधु ने शानदार डिफेंस दिखाया और कुछ करारे शॉट जमाकर 9-6 से बढ़त बनाई और ब्रेक तक खुद को आगे रखा।

फिर 35-35 पैसे प्रति लीटर बढ़ी पेट्रोल और डीजल की कीमत

नई दिल्ली। वाहन ईंधन की कीमतों में रविवार को लगातार चौथे दिन बढ़ोतरी हो गई है। पेट्रोल और डीजल दोनों के दाम 35-35 पैसे प्रति लीटर और बढ़ाए गए हैं। इससे देशभर में पेट्रोल और डीजल के दाम अब नई ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। वहीं वाहन ईंधन पर ऊंचा स्थानीय कर वसूलने वाले मध्य प्रदेश में पेट्रोल का दाम 120 रुपए प्रति लीटर को पार कर गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलयम विपणन कंपनियों द्वारा जारी मूल्य अधिसूचना के अनुसार पेट्रोल और डीजल दोनों की कीमतों में 35 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गई है। दिल्ली में अब पेट्रोल 109.34 रुपए प्रति लीटर के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया है। मुंबई में यह अब 115.15 रुपए प्रति लीटर हो गया है। मुंबई में डीजल 106.23 रुपए प्रति लीटर और दिल्ली में 98.07 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है। 25 अक्टूबर से 27 अक्टूबर के दौरान कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ था। उसके बाद से पेट्रोल और डीजल के दाम लगातार 35 पैसे प्रति लीटर बढ़ रहे हैं। देश के सभी प्रमुख शहरों में पेट्रोल पहले ही 100 रुपए प्रति लीटर के पार हो गया है। वहीं पंजाब के जालंधर से लेकर सिक्किम के गंगटोक तक करीब डेढ़ दर्जन राज्यों में डीजल शतक को पार कर गया है। स्थानीय करों की वजह से विभिन्न राज्यों में वाहन ईंधन के दामों में अंतर होता है। मध्य प्रदेश के पन्ना, सतना, रीवा, शहडोल, छिंदवाड़ा और बालाघाट में अब पेट्रोल 120 रुपए प्रति लीटर के पार हो गया है। इसके अलावा राजस्थान के गंगानगर और हनुमानगढ़ में भी यह इसी स्तर पर पहुंच गया है। गंगानगर में पेट्रोल 121.52 रुपए प्रति लीटर और डीजल 112.44 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है।

मप्र ने लागू नहीं किया तेल-तिलहन की स्टॉक लिमिट

- सरकार स्टॉक लिमिट घोषित करती है तो तेल हो जाएगा सस्ता
- केंद्र पहले दालों के स्टॉक को भी लिमिट के जरिए कर चुका है नियंत्रित

भोपाल। त्योहार के बीच खाद्य तेलों की बढ़ती महंगाई पर काबू करने के लिए केंद्र सरकार ने तेल-तिलहन पर स्टॉक लिमिट लागू करने का आदेश दिया है। सभी राज्यों को भी निर्देश दिया गया है कि वे रिफाइनरी से लेकर थोक विक्रेता और रिटेलर्स के लिए स्टॉक लिमिट घोषित करें। इसके बाद उसका सख्ती से पालन करवाए। केंद्र के पोर्टल पर स्टाक की जानकारी विक्रेताओं को लगातर अद्यतन करवानी होगी। आदेश के बाद देश के तमाम राज्यों ने स्टॉक लिमिट निर्धारित करती है। मप्र, केरल, बंगाल के साथ उत्तर-पूर्व के राज्यों ने इसका अब तक पालन नहीं किया है।

केंद्रीय खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने देश के सभी राज्यों की सूची जारी की है। राज्यों ने दाल, तेल, तिलहन के साथ प्याज, धान और शकर के स्टॉक लिमिट के बारे में भी जानकारी केंद्र तक भेजी है। केंद्र इससे पहले दालों के स्टॉक को भी लिमिट के जरिए नियंत्रित कर चुका है। बीते दिनों तेल और तिलहन का आदेश दिया गया। निर्देश के मुताबिक राज्यों को तेल-तिलहन के स्टाक में रिफानरी को सबसे ज्यादा स्टॉक करने की छूट मिलेगी। हालांकि केंद्र ने निर्देशित किया है कि इसका पैमाना बीते छह महीनों में संबधित रिफानरी द्वारा उत्पादन किए गए तेल के आधार पर तय हो।

कई राज्यों में तय है स्टॉक: रिफाइनरी को दो महीने तक का स्टॉक रखने की अनुमति हो। इसी तरह छह महीने के स्टॉक का औसत निकालकर थोक कारोबारी और रिटेल कारोबारी का भी स्टॉक निर्धारित किया जाए। छत्तीसगढ़ ने तेल का स्टॉक 250 क्विंटल तय किया है। गुजरात ने होलसेलर्स के लिए 600 क्विंटल और रिटेलर्स के लिए 40 क्विंटल की सीमा तय की है। महाराष्ट्र ने होलसेलर्स के लिए 300 से 1000 क्विंटल सीमा रखी है। इसमें अधिक वाली सीमा रिफाइनरी और मिलों के लिए होगी, जबकि रिटेलरों के लिए 20 से 40 क्विंटल की सीमा तय की है। महाराष्ट्र और मप्र सोयाबीन तेल उत्पादन में अग्रणी है।

व्यापारी मनमाना स्टॉक रख रहे: गुजरात मूंगफली और कपास्या तेल के उत्पादन में आगे हैं। इस आधार पर अनुमान लगाया जा रहा है कि मप्र में भी खरची कारोबारियों के लिए स्टॉक सीमा 30 से 40 क्विंटल के बीच और रिफाइनरी से लेकर थोक कारोबारियों के लिए 300 से 1000 क्विंटल तक हो सकती है।

सेंसेक्स की प्रमुख नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.48 लाख करोड़ घटा

दस कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही

नई दिल्ली। बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 2,48,542.3 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,514.69 अंक नीचे आया। शीर्ष 10 कंपनियों में सिर्फ आईसीआईसीआई बैंक के बाजार पूंजीकरण में ही बढ़ोतरी हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 56,741.2 करोड़ रुपए घटकर 16,09,686.75 करोड़ रुपए पर आ गया। एचडीएफसी बैंक के बाजार मूल्यांकन में 54,843.3 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 8,76,528.42 करोड़ रुपए पर आ गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की बाजार हैसियत 37,452.9 करोड़ रुपए घटकर 12,57,233.58 करोड़ रुपए रह गई। सप्ताह के दौरान इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 27,678.78 करोड़ रुपए घटकर 7,01,731.59 करोड़ रुपए पर और कोटक महिंद्रा बैंक का 27,545.09 करोड़ रुपए के नुकसान के साथ 4,03,013 करोड़ रुपए पर आ गया। बजाज फाइनेंस के बाजार पूंजीकरण में 18,774.8 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 4,46,801.66 करोड़ रुपए पर आ गया।

ओमेक्स के प्रबंध निदेश बने मोहित गोयल

नई दिल्ली। रियल्टी फर्म ओमेक्स लिमिटेड ने संस्थापक रोहतास गोयल के पुत्र मोहित गोयल को तत्काल प्रभाव से अपना नया प्रबंध निदेशक नियुक्त कर दिया। गोयल पहले कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) थे। ओमेक्स समूह के प्रवर्तक रोहतास गोयल अब फर्म के अध्यक्ष होंगे। वह पहले अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) थे। ये नियुक्तियां शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन हैं। एक नियामकीय सूचना में ओमेक्स ने कहा कि निदेशक मंडल ने तत्काल प्रभाव से रोहतास गोयल का पदनाम कंपनी के अध्यक्ष और पूर्णकालिक निदेशक के रूप में करने को मंजूरी दी। बोर्ड ने मोहित गोयल को प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त करने को भी मंजूरी दी। ओमेक्स उत्तर भारत में अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक है। इसकी मुख्य रूप से दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में मौजूदगी है।

भारत की क्षमता में आया सुधार, क्या लौटेगी 7 फीसदी जीडीपी विकास दर?

नई दिल्ली। एक दशक पहले विश्व बैंक के पूर्व अर्थशास्त्री लैंट प्रिटचेट की उनकी थीसिस के लिए सराहना की गई थी। थीसिस में कहा गया था कि भारत निश्चित रूप से एक असफल राज्य नहीं है, इसने 7 फीसदी की चमत्कारिक सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर हासिल की है। लेकिन यह एक फ्लेलिंग स्टेट है। फ्लेलिंग से अर्थ है कि अनियंत्रित तरीके से हाथ-पैर मारना या लहराना। सरकार के कुछ पैमानों से इसका प्रदर्शन विश्व स्तर का रहा लेकिन यह अन्य मामलों में भयानक रहा, विशेष रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वच्छता जैसी सरकारी सेवाओं में। भारत में आईएएस, आईआईटी और चुनाव आयोग जैसे कुछ शीर्ष श्रेणी के संस्थान हैं। यहां तक कि उत्तर प्रदेश, जिसे कई लोगों द्वारा सबसे खराब प्रशासित राज्य के रूप में देखा जाता है, वह भी कुंभ मेले के लिए एक अस्थायी, उत्कृष्ट रूप से संचालित विशाल शहर बनाकर दुनिया को चकित कर सकता है, लेकिन दिन-प्रतिदिन की सामान्य सेवाओं के लिए, शीर्ष संस्थानों की उत्कृष्टता और नागरिकों को लास्ट माइल डिलीवरी के बीच एक घातक संबंध है। कुछ अपवादों को छोड़ दें तो, सरकारी सेवाओं को व्यापक रूप से भ्रष्ट, कठोर, जवाबदेह और लगभग अपरिवर्तनीय के रूप में देखा जाता है। आज जब भारत ने एक अरब कोविड वैक्सिनेशन की उपलब्धि प्राप्त करने के लिए दुनिया भर में प्रशंसा प्राप्त की है, तो क्या फ्लेलिंग राज्य थीसिस अप्रचलित हो गई है? निःसंदेह शुरुआती व्यवस्थाओं में गड़बड़ी और देरी हुई, लेकिन टीकाकरण की गति और प्रसार अब अच्छा है।

संक्षिप्त समाचार

बलिदान दिवस के रूप में मनाई इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि

भिण्ड। शहर के इटावा रोड पर स्थित इंदिरा गांधी चौराहे रविवार को बलिदान दिवस के रूप में इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर जा कर शहर जिला अध्यक्ष डॉक्टर राधेश्याम शर्मा के द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उनके साथ जिला कांग्रेस नगर अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, पिंकू राजावत बाराकला, संजय सिंह यादव, शंकर सिंह राजावत, अनीस कुरैशी, अजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

हारजीत का दांव लगाते हुए 8 जुआरी गिरफ्तार

भिण्ड। रौन थाना क्षेत्र के मछंड में शंकर जी का बगीचा में जुआरी हारजीत का दांव लगा रहे थे, मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जुआरियों की घेराबंदी करते हुए 8 जुआरियों को हिरासत में लिया और उनके पास से एक ताश की गड्डी सहित नगदी जब्त की। पुलिस ने उक्त आरोपीगणों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शनिवार शाम 5.40 बजे क्षेत्र के मछंड में शंकर जी का बगीचा में जुआ का फड संचालित हो रहा था, जिसकी सूचना मिलते ही मछंड चौकी प्रभारी ध्यानेन्द्र सिंह यादव ने दलबल के साथ उक्त जुआरियों की घेराबंदी करते हुए मौके से जुआ खेलते हुए सुरेन्द्र पुत्र बद्री गहलोत, मुलू पुत्र गिरजा शंकर त्रिपाठी, मुकेश पुत्र रामप्रकाश नायक, अतुल पुत्र वकील यादव, पवन पुत्र रामस्नेही शर्मा, लल्लू पुत्र केशरी बघेल, शोभाराम पुत्र परमसुख निवासी मछण्ड, संजीव दुबे पुत्र रमेश निवासी विजवारी को दबोच लिया और उनके पास से एक ताश की गड्डी सहित 19 हजार रुपये नगदी जब्त की। पुलिस ने जुआरियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

बस की टक्कर से युवक घायल

भिण्ड। गोरमी थाना क्षेत्र के रावतपुरा पेट्रोल पंप के पास पोरसा रोड होते हुए एक बाइक चालक जा रहा था, इसी दौरान एक बस चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया, राहगीरों ने उपचार के लिए घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार कैलाश पुत्र पानसिंह नरवरिया निवासी वार्ड क्र.4 ने बताया विगत 21 अक्टूबर सुबह 8.30 बजे बाइक से क्षेत्र के रावतपुरा पेट्रोल पंप के पास पोरसा रोड होते गुजर रहा था, इसी दौरान बस क्रमांक एमपी33पी0122 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया, इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

अवैध शराब की बिक्री करते हुए 20 क्वार्टर के साथ युवक गिरफ्तार

भिण्ड। गोहद चौराह थाना क्षेत्र के भिण्ड-ग्वालियर रोड पर स्थित नाके का पुरा में एक युवक अवैध शराब की बिक्री कर रहा था, जिसकी सूचना पुलिस को मिलते ही युवक को हिरासत में लिया और उसके पास से अवैध शराब की जब्ती की गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शनिवार शाम 5.50 बजे पंचम पुत्र बाबू लाल बंजारा निवासी नाके का पुरा थाना गोहद चौराहा जो एनएच-92 हाइवे पर स्थित नाके का पुरा में अवैध शराब की बिक्री कर रहा था, जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने उसे हिरासत में लिया।

जमीन जोतने को लेकर महिला के साथ मारपीट

भिण्ड। दबोह थाना क्षेत्र के डांग वाला खेत मौजा जाखौली में एक युवक जबरन जमीन जोत रहा था, जब महिला ने विरोध किया तो उसे गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शीला देवी पत्नी हरिओम जोशी निवासी जाखोली ने बताया शनिवार दोपहर 2.20 बजे उसी गांव निवासी रामकुमार, छन्ना, वासुदेव जबरन खेत जोत रहे थे, जब उसने मना किया तो गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपीगणों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

राज्य मंत्री ओपीएस भदौरिया ने प्रदेश के स्थापना दिवस पर दीं शुभकामनाएँ

भिण्ड । नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया ने प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। मंत्री श्री भदौरिया ने कहा कि देश के दिल मध्यप्रदेश और उसकी धड़कन प्रदेशवासियों को 66वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ। अमूल्य प्राकृतिक विरासत को संजोते हुए मध्यप्रदेश ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में उल्लेखनीय प्रगति की है और कई अहम मुकाम हासिल किए है।

नकली मावा घी बनाने वाली फैक्ट्री पर छापा

बैखौफ होकर मिलावटी मावा, घी, पनीर, आदि का धडल्ले से कर रहे थे व्यापार

गोरमी। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिहं द्वारा दीपावली के पावन पर्व को ध्यान मे रखते हुऐ नकली मावा घी आदि बनाने बालो पर कार्यवाही के सक्त निर्देश दिये। इसी अभियान के तहत गोरमी थाना प्रभारी सुरेश चन्द्र शर्मा फूड स्पेक्टर अवनीश गुप्ता रेखा सोनी रीना बंसल के व्दारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम हसनपुरा मे छापा मारा। छापामार कार्यवाही मे कमलेश पुत्र आदिराम सिह नरवरिया निवासी हसनपुरा के यहां से 70 किलो मावा, 250 लीटर दूध ,150 किलो क्रीम, 2 टीन रिफाइंड , पकडा गया आरोपी के बिरुद्ध गोरमी थाना पुलिस ने धारा 420/ 272/ 273/ आईपीसी के तहत मामला पंजीबद्ध किया। पूर्व मे भी आरोपी का सैंपल 4 बर्ष पूर्व लिया था जो फेल सावित हुआ उस कार्यवाही मे जुर्माना हुआ था। मिलावटी माफिया काफी लंबे समय से अपना साम्राज्य कामय किये हुऐ बैखौफ मिलावटी मावा, घी, पनीर, आदि का धडल्ले से व्यापार करते चले आ रहे थे। जिसमे मिलावटी माफियाओं के लाखो मे बारे न्यारे हो रहे थे। मानव जीबन के लिए घातक बने मिलावटी माफियाओं पर शिकंजा कसने के नाम पर मामूली सी कार्यवाही पहले भी होती रही है। मगर जब से गोरमी थाना प्रभारी का पदभार टीआई सुरेश चन्द्र शर्मा ने संभाला हे तब से लेकर आज तक कोई न कोई माफिया या अपराधी गोरमी पुलिस की कार्यवाही से बच पाने मे असफल ही रहा है। नकली खाद्य सामग्री निर्माण सबसे बडा घातक अपराध की श्रेणी मे हे जो मानव जीवन के लिये जहर का काम करता हे खाने बाले को घातक बीमारियों से झूझते हुऐ जीवन से हाथ धोना पडता है। मगर चंद पैसे के लालच मे मिलावटी माफिया अधिक धन कमाने के लिये दिन रात नकली मावा, घी, पनीर, आदि का निर्माण करने से नही चूकते।

2 हथियार तस्कर गिरफ्तार, 1 पुलिस को चकमा देकर भाग निकला

भिण्ड। अमायन थाना क्षेत्र रामजानकी मंदिर के पास तीन युवक अवैध हथियार बिक्री करने की फिराक में थे, जिसकी सूचना पुलिस को मिलते ही दलबल के साथ घेराबंदी करते हुए सभी को हिरासत में लिया और आरोपियों की तलाशी ली गई तो उनके पास से 6 देशी कट्टे एवं पांच जिंदा राउंड दो बैग जव्त किये गये। क्षेत्र में देशी कट्टों की खरीद-फरोख्त होने से पहले पुलिस ने दो तस्करों को दबोच लिया, जबकि तीसरा बदमाश भागने में सफल रहा। पुलिस ने दो आरोपियों से छह कट्टे और पांच जिंदा कारतूस पकडे हैं। हथियारों को बदमाश 30 हजार कीमत में बेचने आए थे। पुलिस के मुताबिक हीरापुरा थाना गोरमी का शातिर बदमाश पारथ नरवरिया हथियार तस्कर है। यह मैनपुरी यूपी से अवैध हथियारों को भिंड व आसपास के जिलों में सप्लाई करता है। कुछ महीनों पहले यह बदमाश गोहद में पकडा जा चुका है। जेल से बाहर निकलते ही बदमाश फिर से अवैध हथियार तस्करी के कारोबार में जुट गया है। पुलिस को अमायन थाना क्षेत्र के आंसों गांव में राम जानकी मंदिर पर इन बदमाशों के होने की सूचना मिली। यह बदमाश हथियार बेचने के लिए आए थे।

बदमाश खरीदार का कर रहे थे इंतजार, तभी पुलिस ने दबोचा: एसआई शिवप्रताप सिंह ने बताया रविवार रात 9.30 बजे मुखबिर जरिए पुलिस को सूचना मिली थी तभी घेराबंद की गई तो मौके पर पारथ का भाई कृपाल पुत्र दयाराम नरवरिया ग्राम हीरापुराए गोरमी व उसका साथी रामगोपाल उर्फ गुटाई पुत्र हरगोविंद सिंह निवासी हीरापुरा गोरमी को पकड़ लिया। बदमाशों ने लाल रंग के थैले में कट्टे और कारतूस छिपाकर रखे थे। यह बदमाश यहां खरीदार को आने का इंतजार कर रहे थे।

खरीदार को लेने गया था एक बदमाश: पुलिस के मुताबिक हथियारों की तस्करी का मुख्य आरोपी पारथ नरवरिया है। यह बदमाश एक वाहन से आंसों गांव गए थे। यहां से पारथ, खरीदार को लेने के लिए चला गया।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ एवं साइकिल रैली का अयोजन

सिटीएसपी आनंद राय ने रैली को दिखाई हरी झंडी

भिण्ड। लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 146 वीं जयंती के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग भिण्ड के तत्वाधान में सुबह उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 भिंड से सिटी कोतवाली इंदिरा गांधी चौराहे तक एकता और अखंडता का संदेश देने के लिए साइकिल रैली निकाली गई। इसके पूर्व उत्कृष्ट विद्यालय के प्रांगण में एकत्रित होकर सीएसपी द्वारा सभी को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर एक्सीलेंस प्राचार्य पी एस चौहान,जिला क्रीड़ा अधिकारी जीवन सिंह जादौन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर विशेष रूप से मौजूद रहे।रैली में उत्कृष्ट उ मा विद्यालय क्र 1व 2 के छात्रों के साथ एनएसएस केडेट्स एवम नेहरू युवा केंद्र के वालंटियर्स ने सहभागिता की। इस अवसर पर सीएसपी राय ने कहा कि देश के जिम्मेदार नागरिक होने के नाते राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए हम सबको मिलजुलकर सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की भावना से काम करना चाहिए। प्राचार्य पी एस चौहान ने कहा कि सरदार पटेल ने अपना पूरा जीवनकाल देश में अमन,शांति और एकता कायम करने के लिए समर्पित किया। राष्ट्र सदैव उनका ऋणी रहेगा।उन्होंने 562 छोटी बड़ी रियासतों को भारत संघ में एकीकृत करने में अहम भूमिका निभाई थी। कार्यक्रम अधिकारी गुर्जर ने कहा भारतरत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल को उनके दृढ़ निश्चयी कार्यों और संकल्पों के आधार पर लौहपुरुष की उपाधि महात्मा गांधी ने दी थी। सरदार पटेल देश की एकता के सूत्रधार थे।इस वजह उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर मनाया जाता है। हमे उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। उनकी यादगार में विश्व की सबसे ऊंची 182 मीटर की प्रतिमा स्टेच्यू ऑफ यूनिटी गुजरात में नर्मदा सरोवर बांध के सामने निर्मित कर 31अक्टूबर 2018 को राष्ट्र को समर्पित की गई।

कलेक्टर ने दिलाई राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ

भिण्ड। राष्ट्रीय एकता दिवस एवं लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर कार्यालय में किया गया। राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते हुए कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने सत्य निष्ठा से शपथ लें कि राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिये स्वयं को समर्पित करुंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं। जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सके। अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये सभी अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठ से संकल्प करता हूं की शपथ अधिकारी/कर्मचारियों को दिलाई। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर एवं पीओ डूडा महेश बड़ोले सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

शासकीय योग प्रशिक्षित शिक्षक संघ के पदाधिकारियों का हुआ चुनाव

भिण्ड। प्रांतीय शासकीय योग प्रशिक्षित शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री अतुल त्रिपाठी की देख रेख में जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष पद के हेतु शा. उच्च. मा. विद्यालय, हवलदार सिंह का पुरा में पदश्थ गगन शर्मा, सचिव के पद पर शासकीय हाई स्कूल बझाई में पदस्थ दीपिका कुशवाहा एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु प्रशांत सिंह भदोरिया शासकीय प्राथमिक विद्यालय अच्छाई का सर्वसम्मति से निर्वाचन किया गया। तद उपरांत सभी ने एक मत होकर खेल के क्षेत्र में जिले की पहचान राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने वाले खेल प्रशिक्षक एवम क्रीड़ा भारती अध्यक्ष को राधे गोपाल यादव को संघ का संरक्षक नियुक्त किया गया। निर्वाचन की संपूर्ण कार्यवाही परीक्षक के तौर पर उपस्थित रहे ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी अटेर एवं शासकीय पीटीआई हायर सेकेंडरी स्कूल जवासा में पदश्थ बृजेश शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ एवं साइकिल रैली का अयोजन

भिण्ड। नगर कांग्रेस कमेटी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानसिंह की अगुवाई में इंदिरा गांधी की प्रतिमा स्थल पर मनाया। सर्वप्रथम खड़ा रोड से वंदे मातरम, भारत माता की जय, इंदिरा पटेल अमर रहे के जयघोष के साथ कार्यकर्ता रैली के रूप में इंदिरा गांधी चौराहे पर इंदिरा जी की प्रतिमा स्थल पर पहुँचकर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाह ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी निडर और हिम्मत वाली नेता थी। इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान जैसे देश के छक्के छुड़ाए। सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को आजाद कराने के लिए आंदोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष संजय भूता ने कहा इंदिरा गांधी ने अपने खून की एक एक बूंद देश की सेवा में अर्पित की उनका ये बलिदान हिंदुस्तान के इतिहास में हमेशा अमर रहेगा। हम समस्त कांग्रेसी उनकी देश सेवा और बलिदान से सीख लेकर अराजक सत्ता धारियों को सरकार से खदेड़ने का संकल्प लेते है। कार्यक्रम को पूर्व अध्यक्ष जयश्रीराम बघेल, वीरेंद्र जैन, अनिल भारद्वज, अरविंद अरेले, ब्रजेन्द्र सिंह कल्लू भारोली, विवेक पचौरी, रेखा भादौरिया, ममता मिश्रा, विवेक पचौरी, राजेश शर्मा, शैलेंद्र भादौरिया, राहुल कुशवाह, चंद्रपाल परिहार, राजू लोधी, राघवेंद्र कांकर, सोहन तिवारी, गोविंद शाक्य, सतपाल अगरिया, राजवीर खन्ना, स्नेहलता जैन आदि ने विचार व्यक्त किए।

भाजपा सांसद संध्या राय गोहद, भिंड में कार्यकर्ताओं और जनता की जनसमस्याओं से हुई रूबरू

जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को मोबाइल पर चर्चा कर कार्रवाई करने के लिए दिए निर्देश

भिण्ड। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया लोकसभा सांसद श्रीमती संध्या राय ने अपने निर्धारित जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत अपने निजी निवास भिंड गोहद में पहुंचकर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजन से रूबरू हुई द्य जनता ने अपनी.अपनी जन समस्याओं से अवगत कराया जिसमें किसानों ने अपनी खाद की समस्या रखी। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सांसद ने तत्काल जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को मोबाइल पर आवश्यक निर्देशित करते हुए किसानों को तत्काल खाद का वितरण व्यवस्था पूर्ण बनाकर किया जाए ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की कठिनाइयां ना हो और उन्होंने साथ ही किसानों से कहा कि खाद वितरण में शासन और प्रशासन के अधिकारियों का सहयोग बनाए रखें, प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है सब किसानों को खाद मिलेगा। भाजपा सांसद श्रीमती राय ने अपने निजी निवास चंबल कॉलोनी एवं गोहद में पार्टी कार्यकर्ताओं आम जनता से कहा आपकी सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा द्य प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है कि प्राथमिकता के आधार पर कार्यकर्ताओं जनता की समस्याओं का समय सीमा में निराकरण करें।

न्याय की आश में पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाता फरियादी

भिण्ड। दबोह थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने बाले ग्राम सलैया में दिनांक 25 अक्टूबर को प्रधुन मिश्रा पुत्र सीताराम मिश्रा के ट्यूबेल से चोरी हुई थी,जिसकी शिकायत फरियादी ने दबोह थाना पर दी। फरियादी प्रधुन मिश्रा ने बताया मेरा ट्यूबेल मौजा सलैया मे है जिसमे 25 अक्टूबर को रात्रि में चोरों ने ट्यूबेल पर चोरी को अंजाम दिया तथा उसमे रखा समान चोरी कर ले गया सामान में 3 बोरी डी.ए.पी. खाद, ढाई कुंटल मटर, एक झटका मशीन, जिसकी कुल कीमत 28 हजार रूपये थी मैने अपने हिसाब से चोरों का पता लगाने की कोशिश की,तो कुछ गांव के व्यक्तियों द्वारा चोरी की गई,जिसकी शिकायत थाना दबोह में आकर दी तो थाना प्रभारी ने मेरी शिकायत को झूठ बताकर मेरी शिकायत को लेने से मना कर दिया,हमारे पास मात्र खेती ही है जिससे में घर का पालन पोषण करके चलाता हु मेहनत मजदूरी से जोड़ी गई पाई-पाई से खेती का सामान बड़ी मुश्किल से एकत्रित किया था, पुलिस अधीक्षक साहब से यही गुहार है मुझे न्याय मिले। जिन्होंने चोरी की है उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए यहां बताना मुनासिब होगा कि दबोह पुलिस नगर में अभी तक हुई चोरियों मेसे मात्र एक या दो चोरियों का पता लगा पाई है।

नर्स,वार्ड ब्याय एवं सफाई कर्मी हॉस्पीटल की रीढ़ है!

किसी भी चिकित्सालय में चले जाइये, रोगी को बेड पर से उठाते - बैठाते, जांच के लिये जांच केन्द्र पर ले जाते हुये, चिकित्सक की देख रेख में हर कदम पर रोगी के सहायक की भूमिका निभाते, उसकी हर दिनचर्या में सही साथी की तरह मदद करते वार्ड ब्याय को देखा जा सकता है। चिकित्सक की सलाह पर रोगी को समय से दवा देने एवं समय -समय पर जांच करते रहने के कार्य को नर्स ही पूरा करते है। चिकित्सालय को साफ सूथरा बनाये रखने एवं रोगी के आस - पास के वातावरण को साफ रखने में सफाई कर्मचारी नजर आते है। ये नर्स , वॉउ ब्याय एवं सफाई कर्मी सही अर्थ में किसी चिकित्सालय की रीढ़ होते है जिनके बिना किसी भी रोगी की सही ढ़ंग से चिकित्सा कर पाना कतई संभव नहीं। चिकित्सक रोगी की जांच कर सकता है, दवाई लिख सकता है पर रोगी को चिकित्सक तक ले जाने, जांच में रोगी को उठाने - बैठाने में वॉउ ब्याय की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है। इस तरह के कार्य में सेवा की भावना सर्वोवरि होती है। चिकित्सालय को साफ रखने में सेवा कर्मी की सेवा भाव की भूमिका को कम नहीं आंका जा सकता जिसके बिना चिकित्सा का सही उदेश्य कभी पूरा नहीं हो सकता। जहां नर्स, वार्ड ब्याय, सफाई कर्मी नहीं होते वहां केवल विकित्सक से रोगी की सही चिकित्सा कभी संभव हीं नहीं। किसी महामारी के प्रकोप से आम जन जीवन को बचाने की दिशा में अपने को संकट में डालकर चिकित्सक के साथ - साथ सेवा भाव से युद्ध स्तर पर अपने कार्य को करते हुये नर्स , वार्ड ब्याय एवं सेवाकर्मी को देखा जा सकता है जिनके सहयोग के बिना महामारी पर नियंत्रण कर पाना कतई संभव नहीं। इस तरह के समय में महामारी से ग्रसित रोगी की सही देख भाल करने एवं उसे ठीक होने में भेद भाव रहित इनके सेवा भावपूर्ण कार्य को देखा जा सकता है। जहां संक्रमण के कारण रोगी के संबंधी में आने से कतराते है वहां ये खड़े मिलते। अभी हाल हीं में विश्वभर में फैली कोरोना महामारी के दौरान इनके द्वारा किये सराहनीय सेवा भाव को आसानी से देखा जा सकता। इसके पूर्व देश में आई महामारी प्लेग, चेचक, स्पाईन फ्लू आदि संक्रमित बीमारी के फैलने पर संक्रमित रोगियों की सेवा करते इस वर्ग को देखा जा सकता है। इनके सहयोग के बिना किसी भी महामारी से लड़ पाना कतई संभव नहीं। समाज का यह वर्ग सामाजिक दृष्टिकोण काफी महत्वपूर्ण है जिनके सहयोग से नया जीवन दान मिलता है। चिकित्सालय का शल्य, मेडीसीन चिकित्सा विभाग हो या रिहैबीलेशन सेंटर हर जगह इनकी अनोखी सेवा देखी जा सकती है। ऐसे रोगी जिनके पास उनके परिजन भी जाने से कतराते है वहां ये उसकी देख रेख करते मिलते है। इस तरह के महत्वपूर्ण कार्य करने वालों के कार्य का कोई मूल्य नहीं, इस तरह के कार्य अनमोल होते है। फिर भी समाज के इस जनोपयोगी वर्ग के कार्य का सही मुल्यांकन होना चाहिए। इस तरह की सेवा में जुड़े ठेकादारी प्रथा से आने वालों का वेतन एवं अन्य भत्ता स्थाई लोगों की तुलना में काफी कम होता है जब कि इनके उपर कार्य का भार सबसे ज्यादा होता है। इस दिशा में विचार किया जाना बहुत जरूरी है। जिनसे इस वर्ग में असंतोष न उभरे।

उत्तर प्रदेश में भाजपा की मुश्किल बने वरुण गाँधी ?

प्रभुनाथ शुक्ल

उत्तर प्रदेश की राजनीति में वरुण गाँधी कभी भाजपा की बड़ी उम्मीद रहे। भाजपा कभी उनमें अपना भविष्य देख रही थी। कांग्रेस में नेहरू और गाँधी परिवार की काट के लिए भाजपा ने मेनका गाँधी को लाया गया था। बाद में इस जिम्मेदारी को वरुण गाँधी ने आगे बढ़ाया। भाजपा गांधी परिवार के खिलाफ, गाँधी परिवार को ही आगे रख काँटे से काँटा निकालने की नीति अपनायी। जब उत्तर प्रदेश में वरुण गांधी हिंदुत्व के फायर ब्रांड नेता के रूप में उभर रहे थे तो भाजपा उनमें अपनी नई जमींन तलाश रहीं थीं। वरुण गांधी को अपने विवादित बयानों की वजह से काफी चर्चित भी हो गए। वरुण गांधी को लोग उत्तर प्रदेश के भविष्य का मुख्यमंत्री भी बताने लगे थे। लेकिन भाजपा में मोदी और शाहयुग की शुरुवात के बाद गांधी परिवार हाशिए पर चला गया।

पीलीभीत से भाजपा सांसद वरुण गाँधी पार्टी लाइन से हटकर सीधे किसानों का समर्थन कर रहे हैं। उनकी मुखरता भाजपा को पच नहीं रहीं है। वरुण गांधी हमेशा किसानों की बातें करते रहे हैं। वह एक लेखक और कवि भी हैं। कृषि की समस्याओं और नीतिगत मामलों लेकर उन्होंने कई आर्टिकल लिखें। लखीमपुर की घटना के बाद वह अपने बयानों से भाजपा की मुश्किल बढ़ा दिए हैं। भाजपा वरुण गांधी को कितना बर्दास्त कर पाएगी यह वक्त बताएगा। लेकिन वर्तमान में भाजपा में मेनका और वरुण गांधी के हैसियत हासिए पर है। मां मेनका गांधी के साथ वरुण गांधी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी से बाहर निकाल दिया गया। हालांकि इसमें और राजनेता शामिल हैं। लेकिन पार्टी का तर्क है कि नए लोगों को लाने के लिए इस तरह के फैसले लेने पड़ते हैं। किसान आंदोलन को लेकर वरुण गांधी ने हमेशा पार्टी लाइन से हटकर बात की है। केंद्र सरकार और किसानों के बीच बढ़ते तकरार पर भी उन्होंने केंद्र सरकार से लचीला रुख अपनाने की बात कही थी। केंद्र सरकार से उन्होंने कई बार इस गतिरोध को दूर करने के लिए भी कहा, लेकिन उनकी बात को कभी गंभीरता से नहीं लिया। लखीमपुर हादसे को लेकर वह काफी परेशान दिखे। उन्होंने उसका घटना का वीडियो भी ट्वीट करते हुए दोषियों को सजा दिलाने की मांग रखी।

पश्चिमी यूपी की एक मंडी में किसान धमोह सिंह 15 दिन चक्कर लगाता रहा लेकिन उसकी धान की फसल नहीं खरीदी गई। बाद में किसान ने ऊबकर धान की फसल की उपज में खुद आग लगा दिया। जिसका वीडियो ट्वीट करते हुए उन्होंने लिखा कि हमें ऐसी नीति पर पुनर्विचार करना चाहिए। इस तरह की नीतियां हमें कहां लाकर खड़ी करती हैं। वरुण गांधी गन्ना मूल्य को लेकर भी उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र लिखा था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखे पत्र में गन्ने का मूल्य ?400 प्रति कुंतल करने की मांग की थी। मुजफ्फरपुर में हुई किसान महापंचायत पर भी अपनी सरकार से उन्होंने समझौता वादी रुख अपनाने की अपील की थी। इस तरह देखा जाए तो वरुण गांधी हमेशा किसानों के पक्ष की बातें करते रहे हैं। उन्होंने इसकी चिंता कभी नहीं की कि पार्टी का रूख उनके पक्ष में है या खिलाफ। वह हमेशा एक जिम्मेदार सांसद के रूप में जमीनी मुद्दे उठाते रहे हैं। किसानों के मुद्दों को उन्होंने प्रमुखता से उठाया है।

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस जब मजबूत स्थिति में थीं तो उस समय गाँधी परिवार की काट के लिए भाजपा ने गांधी परिवार को ही आगे रखा। भाजपा में अटल युग के दौरान मेनका गांधी भाजपा में शामिल हुई थी। लेकिन मेनका और वरुण गांधी ने कभी भी रायबरेली और अमेठी में राजनीतिक रूप से हस्तक्षेप नहीं किया। राजीव गांधी, सोनिया और राहुल एवं प्रियंका गांधी की तरफ से भी अपनी चाची मेनका और चचेरे भाई वरुण गांधी पर कभी भी सियासी हमला नहीं बोला गया। अलग-अलग पार्टी की विचारधाराओं में रहते हुए भी गांधी परिवार ने इस खासियत को बनाए रखा। दोनों परिवारों की तरफ से सियासी लड़ाई को गांधी बनाम गांधी नहीं होने दिया गया। बदलते राजनीतिक परिदृश्य में दोनों परिवारों के लिए बहुत बड़ी बात रहीं है।

गांधी परिवार की संस्कृत और संस्कार को हमेशा सियासत से अलग रखा गया। एक दूसरे की मर्यादा और सम्मान के खिलाफ दोनों परिवारों की तरफ से गलत टिप्पणी बेहद कम सुनी गई। राजनीतिक दल इन्हें अपने लिहाज से मोहरा बनाना चाहे, लेकिन गांधी परिवार इसका शिकार नहीं हुआ। सामान्य बातों को छोड़ दिया जाय तो परिवारिक संबंधों को हमेशा राजनीति से अलग रखा गया। गांधी परिवार के तीन युवा चेहरे राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और वरुण गांधी इस स्थिति को आज भी बनाए हैं।सोनिया गांधी और मेनका गांधी आपस में देवरानी और जेठानी होते हुए भी कभी सियासत के नीचले पायदान पर नहीं उतरी। गांधी परिवार की राजनीति एक अलग तरह की मिसाल है।

उत्तर प्रदेश के बदले राजनीतिक हालात में भाजपा के लिए वरुण और मेनका गांधी अब उतने प्रासंगिक नहीं रह गए। क्योंकि कांग्रेस के खिलाफ इस्तेमाल करने के लिए उन्हें भाजपा में लाया गया था। अब खुद कांग्रेस कमजोर हो चली है जिसकी वजह से उनके सियासी मायने भी बदल गए हैं। मेनका और वरुण गांधी भाजपा को छोड़कर कहीं जा भी नहीं सकते हैं। हालांकि राजनीति में कुछ कहना संभव नहीं है। लेकिन सवाल उठता है कि अगर वह भाजपा छोड़ेंगे भी तो कहां जाएंगे। कांग्रेस में जा नहीं सकते हैं। सपा और बसपा उनके राजनैतिक कैडर के लिहाज से मेल नहीं खाती। इस हालात में भाजपा में बने रहना उनकी मजबूरी है। भाजपा उन्हें कब तक ढोएगी यह देखना होगा।

वरुण गांधी भाजपा में होते हुए भी किसानों के मुद्दे को लेकर अलग नजरिया क्यों रखते हैं। वरुण वरुण गांधी जहाँ से चुनाव जीत कर आए हैं वह इलाका किसान बाहुल्य है। पश्चिमी यूपी का पूरा बेल्ट कृषि प्रधान है। किसान आंदोलन को जमीनी धार देने वाले राकेश टिकैत भी पश्चिमी यूपी से आते हैं। पंजाब और पश्चिमी यूपी में किसानों की बड़ी तादात है। वरुण गांधी इन्हीं किसानों के बीच से चुनकर आए। वह जिस पीलीभीत से चुनकर आए हैं वह इलाका गन्ना गेहूं और धान की उपज के लिए जाना जाता है। गन्ने की खेती वहां व्यापक पैमाने पर होती है। वरुण गांधी को जीत दिलाने वाले वहां के किसान ही है। उस हालात में वरुण गांधी को किसानों का समर्थन करना ही पड़ेगा। सरकार और किसानों के बीच गतिरोध को लेकर वरुण गांधी बीच का रास्ता निकालने के लिए आग्रह भी कर चुके हैं। लेकिन सरकार ने उनकी बातों का संज्ञान नहीं लिया।

जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ सिंह थे उस दौरान वरुण गांधी को विशेष अहमियत मिली थी। उन्हें पश्चिम बंगाल का पार्टी प्रभारी और पार्टी का महासचिव बनाया गया था। लेकिन भारतीय जनता पार्टी की कमान जब अमित शाह के हाथ आई तो वरुण गांधी का पत्ता साफ हो गया। भाजपा में मोदी और शाहयुग आने के बाद से ही गांधी परिवार हाशिए पर है। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार कांग्रेस मुक्त भारत का नारा दे चुके हैं। कांग्रेस और गांधी परिवार एक दूसरे की आत्मा है। फिर भाजपा में गांधी परिवार की बेल मोदी और अमितशाह की मौजूदगी में भला कैसे पनप सकती है। मेनका गांधी को मंत्रिमंडल से भी हटा दिया गया। वैसे देखा जाए तो भाजपा के लिए अब मेनका और वरुण गांधी की अहमियत खत्म हो चुकी है। अगर दोनों भाजपा छोड़ भी देते हैं तो उसकी सेहत पर कोई असर पड़ने वाला नहीं है। लेकिन वरुण गाँधी अगर इसी तरह बयानबाजी करते रहे तो राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा की मुश्किल बढ़ सकती है। क्योंकि किसान आंदोलन को लेकर पश्चिमी यूपी का किसान नाराज चल रहा है।

व्यक्ति-निर्माण समाज पर निर्भर

व्यक्ति का निर्माण केवल उसी पर नहीं, बहुत कुछ अंशों में समाज पर निर्भर है।इसलिए उसे अपने निर्माण को समाज के निर्माण में देखना है। सफलता का पहला सूत्र है- मूल्यों का परिवर्तन। समाज का निर्माण मूल्यों के परिवर्तन से ही होता है। स्वार्थ और संग्रह, ये दोनों मूल्य जब विकसित होते हैं तब व्यक्ति पुष्ट होता है और समाज क्षीण। क्षीण समाज में समर्थ व्यक्तित्व विकसित नहीं हो पाते। आज का समाज सही अर्थ में क्षीण है। उसे पुष्ट करने के लिए स्वार्थ और विसर्जन के मूल्यों को विकसित करना जरूरी है। इनसे समाज पुष्ट होगा। पुष्ट समाज में समर्थ व्यक्तित्व पैदा होंगे। क्षीण कोई नहीं होगा। मैंने देखा है स्वार्थ और संग्रह परायण समाज ने अनेक प्रकार की क्रूर्ताओं और अनैतिकताओं को जन्म दिया है। इसे बदलना क्या आज के सामाजिक व्यक्ति का कर्तव्य नहीं है? सफलता का दूसरा सूत्र है- शक्ति का विकास। शक्ति के दो स्रोत हैं- मानसिक विकास और संगठन। मानसिक विकास के लिए धर्म का अभ्यास और प्रयोग करना जरूरी है। संगठन की शक्ति का विस्फोट इतना हुआ है कि अब इसमें कोई विवाद ही नहीं है। हमारे पूज्य भिक्षु स्वामी ने संगठन का मूल्य दो शताब्दी पूर्व ही समझ लिया था। उनके अनुयायियों को क्या उसे अब भी समझना है। वात्सलता और सहानुभूति को विकसित किए बिना संगठन सुदृढ़ नहीं हो सकता। आज सबकुछ शक्ति-संचय के आधार पर हो रहा है। इसलिए संगठन अब अनिवार्य हो गया है। छोटे-छोटे प्रश्न इस महान कार्य में अवरोध नहीं बनने चाहिए। सफलता का तीसरा सूत्र है- शातौर परिवर्तन का यथार्थ-बोध। कुछ स्थितियां देशकालातीत होती है।

पाक की फितरत

सिद्वार्थ शंकर

जम्मू कश्मीर में आतंकवाद ने अपना जो वीभत्स रूप दिखाया है उसमें हैरत का कोई कारण नहीं है। जम्मू कश्मीर सीमा पार पाकिस्तान ही नहीं वैश्विक जेहादी आतंकियों के कई समूहों के रडार पर लंबे समय से है। 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद तथा पूर्व तैयारी के लिए सुरक्षा सहित सांस्कृतिक, प्रशासनिक, राजनीतिक, आर्थिक संबंधी उठाए गए कदमों तथा के कारण जमीन पर हुए बदलावों ने उन सबको विचलित कर दिया। आतंकवाद की मुख्य प्रेरणा और संसाधनों का स्रोत जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध, उनके नेताओं की गिरफ्तारी, भारत विरोधी आग उगलने वाले धर्मस्थलों पर कानूनी कार्रवाई तथा अलगाववादी नेताओं की देश विरोधी गतिविधियों पर कुठाराघात आदि ने आतंकवाद पर इतिहास का सबसे जबरदस्त और मारक प्रहार किया है। भारत के अन्य राज्यों की सामान्य कतार में जम्मू कश्मीर को खड़ा करने की कोशिशों में मिल रही सफलता के कारण तीन दशक पूर्व वहां से पलायन कर गए हिंदुओं और सिखों के अंदर वापसी की चाहत और उम्मीद पैदा हुई तथा केंद्र सरकार ने उनको प्रेरित करने की दृष्टि से आधारभूत संरचना निर्माण करने सहित कई ठोस कदम उठाए हैं। पाकिस्तान को यह सब गंवारा नहीं था और न भारत के विरुद्ध जेहाद कर कश्मीर को इस्लामी राज्य में परिणत करने के लिए प्रयासरत आतंकवादी और अलगाववादी समूहों को। चाह कर भी वे पिछले करीब दो वर्षों में जम्मू-कश्मीर में उस तरह का आतंकवादी हमला करने में सफल नहीं हो पाए जिससे बदलाव पर साफ ग्रहण लगता दिख जाए। आतंकवादियों की रणनीति के इस समय कुछ पहलू साफ नजर आते हैं। एक, गैर मुस्लिमों यानी हिंदुओं और सिखों को इस तरह निशाना बनाना ताकि जम्मू कश्मीर के अंदर और बाहर रह रहे लोगों के अंदर भय पैदा हो जाए। दूसरे, भारत, देश, राष्ट्रभक्ति आदि की बात करने और उस दृष्टि से भूमिका निभाने वाले पर हमला करना। आतंकी, उनके रणनीतिकार, प्रायोजक और

सूत्रधार सभी जम्मू-कश्मीर में 1990 के दशक की स्थिति पैदा करना चाहते हैं। इसका कुछ तात्कालिक असर भी हुआ है। प्रधानमंत्री पुनर्वास पैकेज के तहत 3841 कश्मीरी हिंदुओं को घाटी में रोजगार दिया गया। श्रीनगर में एक हिंदू शिक्षक तथा प्रिंसिपल की आई कार्ड देख कर तथा मुसलमान शिक्षकों से अलग कर की गई हत्या के बाद ज्यादातर वहां से भाग रहे हैं या निकल भागने की कोशिश में है। श्रीनगर के दवा व्यवसाई मक्खनलाल बिंदरू की हत्या के साथ ही इनके अंदर फिर 1990 का भय पैदा होने लगा था। तब 19 जनवरी, 1990 को सबसे बड़ा पलायन हुआ था जब 60 हजार कश्मीरी पंडित वहां से निकल गए। मस्जिदों से नारे लगते थे कि हमें क्या चाहिए, निजाम ए मुस्तफा। सड़कों पर भी नारे लगते थे कि यहां से निकल जाओ, नहीं तो मरने या फिर धर्म बदलने के लिए तैयार रहो। कितने कश्मीरी हिंदू-सिख मारे गए, कितनी महिलाओं के बलात्कार हुए, कितने का धर्म बदला इसके अलग-अलग आंकड़े हैं। कुल मिलाकर वह ऐसी स्थिति थी जिसकी बुरे से बुरे सपनों में भी कल्पना नहीं की जा सकती थी। हालांकि बीच-बीच में कश्मीरियों ने आयोजित चुनावों में भाग लेकर दिखाया कि वह लोकतांत्रिक व्यवस्था के समर्थक हैं। पर इससे स्थिति ज्यादा नहीं बदली। प्रश्न है कि क्या आतंकवादी पुन- वैसी भयावह स्थिति कायम कर देंगे? क्या समय का चक्र घूम कर फिर उस अवस्था में पहुंच जाएगा? आतंकवादियों और उनके समर्थकों के सोशल मीडिया चैट से अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता की वापसी को कश्मीर में जेहाद के लिए अनुकूल समय तथा उनसे सहायता की बातें हैं। तालिबान के हाथों सत्ता आने के बाद जब विश्व भर के जिहादी आतंकवादियों का हौसला बढ़ा है तो जम्मू कश्मीर केंद्रीय आतंकवादी भी उसी परिधि में आते हैं। वे मानते हैं कि हमने सोवियत संघ और अब अमेरिका जैसे महाशक्ति को जब परास्त कर दिया तो भारत ज्यादा समय तक नहीं टिकेगा। अनस हक्कानी का महमूद गजनबी की मजार पर जाकर सोमनाथ हमले का ट्वीट करना अनायास नहीं हो सकता।

1 नवंबर को मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस - विकास का रोल मॉडल बनेगा मध्यप्रदेश

सूडोकु नवताल- 5879

★★★★☆ मध्यम

4			9		6	1		8
6	8							
	1	7	3	8		4		
3	4		6		7			9
5		1	8			2		7
2			5		1		8	4
		3		7	5	8	6	
							9	5
7		6	2		8			1

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल 5878 का हल

2	9	8	3	5	6	1	7	4
4	5	3	2	1	7	9	8	6
7	1	6	4	8	9	2	5	3
8	2	5	6	9	1	3	4	7
3	6	4	7	2	5	8	1	9
1	7	9	8	3	4	5	6	2
5	4	1	9	7	2	6	3	8
6	3	2	1	4	8	7	9	5
9	8	7	5	6	3	4	2	1

निलय श्रीवास्तव

चुनौतियों को संभावना में बदलने वाले राज्य का नाम मध्यप्रदेश है। भौगोलिक .ष्टि से यह देश का हृदय प्रदेश कहलाता है। मध्यप्रदेश को पता है कि देश की सेहत के लिये उसका धड़कते रहना जरूरी है। अपने निर्माण के साथ ही पिछड़ा और बीमारु राज्य का टेग लगता रहा है लेकिन पिछले दो दशक में मध्यप्रदेश ने विकास की जो ऊँची छलाँग लगायी है, वह सबको हैरान कर देने वाली है। सबसे अहम बात यह है कि दूनिया को झंकझोर कर रख देने वाली महामारी कोरोना के बुरे दौर में भी इस प्रदेश ने विकास को थमने नहीं दिया। शुरू में पूरी तरह अवरूद्ध, फिर धीमा और अब जो तरक्की हो रही है वह सबके सामने है। कोरोना नियंत्रण के सभी मामलों में मध्यप्रदेश ने देश के दूसरे राज्यों को पीछे छोड़ा है। वैक्सीनेशन का पूरा लक्ष्य अर्जित कर बता दिया है कि यदि मन में ठान लिया हो तो कुछ भी कठिन या असंभव नहीं है। लघु भारत के रूप में मध्यप्रदेश ने अपनी एक अलग पहचान बनायी है। लगातार चुनौतियों का सामना करते हुए मध्यप्रदेश एक ऐसा विकासशील राज्य बनकर उभरा है जो देश के हर व्यक्ति की आंखों का सपना बनता जा रहा है। यहाँ की योजनाओं, कला- संस्.ति तथा विभिन्न कार्यक्रमों को लोगों ने सराहा है। पिछले डेढ़ दशक के दौरान न सिर्फ यहाँ की कला संस्.ति को अभिनव पहचान मिली बल्कि देश के बाहर से भी लोगों ने आवागमन शुरू किया। कोई उद्योग लगाना चाहता है तो कोई शिक्षा के क्षेत्र में अपना भाग्य आजमाना चाहता है। प्रदेश के वह गांव जहाँ कोई जाना नहीं चाहता था, आज वहाँ हर व्यक्ति पढ़ा- लिखा तथा अपने अधिकारों के प्रति पूरी तरह जागरूक दिखाई देता है। यह किसी भी प्रदेश के लिये निश्चित रूप से गौरव की बात है। इस तरह दिखावे और प्रतिस्पर्धा से दूर मध्यप्रदेश विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति कर विकास की नित् नयी ऊँचाईयों को स्पर्श कर रहा है।

देश के हृदय में बसा मध्यप्रदेश अपनी विशेषताओं के कारण पृथक पहचान स्थापित कर चुका है। हाल ही में सम्पन्न टोक्यों ओलम्पिक में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने अनेक मेडल जीते। यह प्रदेश में चल रही खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन देने का सुखद परिणाम है। इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुयी है। बड़ी संख्या में बालिकाओं ने कीर्तिमान स्थापित किये हैं। विभिन्न परीक्षाओं में मध्यप्रदेश की बेटियां अव्वल रहीं। यह प्रदेश के लिये गौरव की बात है। देश से बाहर दूसरे देशों में भी मध्यप्रदेश की पहचान और लोकप्रियता बढ़ रही है। इसका सबसे बड़ा कारण है विदेशी पर्यटकों का यहाँ आना। यहाँ बता दें कि मध्यप्रदेश की सांस्.तिक, सामाजिक तथा पुरातत्वीय पृष्ठभूमि गौरवशाली है। यहाँ की प्राचीन धरोहरें विश्व भर में प्रसिद्धी पा चुकी हैं। इतिहास साक्षी है, अमरकंटक से निकलकर खंभात की खाड़ी तक अविरल प्रवाह में बहने वाली जीवनदायिनी नर्मदा नदी यहाँ है तो दूसरी ओर प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल उज्जैन में विराजमान हैं। विश्व प्रसिद्ध खजुराहो एक ऐसा दार्शनिक स्थल है जो विदेशी पर्यटकों में निरंतर लोकप्रिय है। खजुराहो के कलात्मक मंदिर तथा सांची के स्मारक अपने गौरवशाली अतीत को दर्शाते हुए विश्व भर में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। इनके रखरखाव तथा संरक्षण पर विशेष ध्यान देने के कारण यहाँ आने वाले विदेशी पर्यटकों को कोई असुविधा नहीं होती तथा वे इन्हें देखकर रोमांचित होते हैं । इनके अलावा ओरछा के मंदिर, प्रदेश के तीन देवी शक्तिपीठ और ऐतिहासिक प्राचीन स्थल भी यहाँ हैं जिन्हें देखकर अहसास होता है कि पूर्वकाल में मानव एक- दूसरे के धर्मों के समावेश में विश्वास रखता था। इन बेशकीमती स्थलों का संरक्षण और रखरखाव निरंतर बना रहना चाहिये ताकि मध्यप्रदेश में आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या जैसे-जैसे बढ़ेगी, मध्यप्रदेश के राजस्व में वृद्धि होने के साथ - साथ स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिल सकेगा। सरकार के साथ - साथ आमजन का भी यह उत्तरदायित्व है कि प्रदेश का नागरिक होने के नाते वह प्रदेश की मूल्यवान धरोहरों तथा सम्पदा की सुरक्षा का जिम्मा लें। यही हमारी पूंजी हैं। नया वर्ष 2022 शीघ्र आने वाला है। पिछले वर्ष और इस वर्ष हुए नुकसान की भरपायी आने वाले नये वर्ष में करना है, यह संकल्प प्रदेश के हर व्यक्ति को लेना होगा। इस खुशहाल तथा शांत प्रदेश को यदि देश के मानचित्र में विकासशील राज्य के रूप में पहचान दिलाना है तो सभी को बदले की भावना से की जा रही राजनीति को त्यागकर तथा सत्ता का मोह छोड़कर सिर्फ प्रदेश के हित के बारे में सोचना होगा।

पुस्तक समीक्षा- जनसामान्य का स्पंदन 'एकांत की आहट'

शिवकुमार शर्मा

अखिल भारतीय सेवा के मध्यप्रदेश काडर के अधिकारी डॉ. मनोहर अगनानी द्वारा लिखी गई पुस्तक को कोराना काल के दोनों लॉकडाउन में दो बार पढ़ा। 52 शीर्षकों में विभक्त इस पुस्तक को पढ़ते हुए मेरे अपने जीवन की अनेक घटनायें स्मृति पटल पर तरंगित हुई । कभी हर्षोतिरेक, कभी विशाद, कभी रोमांचित करने वाले प्रेरक प्रसंग, कभी भाव विव्हलता की स्थितियां बनी तो कभी काल क्रम के प्रभाव के दर्शन, सामाजिक समस्याओं से साक्षात्कार हुआ और सामाजिक सरोकार का रेखांकन मानस पटल पर उभर कर आया। लेखक की ''एकान्त की आहट'' के पूर्व भी तीन पुस्तकें प्रकाशित हुई है ''मिसिंग गर्ल्स'' , ''कहॉ खो गई बेटियां '' अन्दर का स्कूल'' इनमें प्रथम दोनो पूर्णतः बेटियों को समर्पित है। अन्दर के स्कूल एवं एकांत की आहट संस्मरणों के चुनिंदा मोतियों की मालायें हैं। लेखक को देश मे गिरते लिंगानुपात, समाज में जैण्डर (के मध्य लिंग-भेद अमूर्त, अव्यक्त एवं प्रभावी या हावी सोच) की समस्या ने ह्दयतल से चिंतित किया है इसके अतिरिक्त समाज में व्याप्त अनेक बुराईयों और विसंगतियों ने भी लेखक के मन को विचलित किया है। उक्त विचारमाला भाषाबद्ध होकर इन पुस्तकों के स्वरूप में प्रकट होकर हमारे सामने है। लेखक की शिक्षा-दीक्षा चिकित्सा क्षेत्र की है, पेशे से अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी है और लेखन सामाजिक विषयों पर है। अर्थात चिकित्सक, प्रशासक एवं लेखक तीनों के पृथक-पृथक दर्षन के अदभुत समन्वय से बने समाजशास्त्री हैं। एकांत की आहट के लेखन को पढ़कर ऐसा अनुभव हुआ है। ''क्षणे-क्षणे यन्नवतामुपैति तदैव रूपं रमणीयताया '' (शिशुपाल वधम 4/17) अर्थात जो प्रत्येक क्षण नवीनता को धारणा करता है वही रमणीयता है अर्थात सुन्दरता है। पुस्तक का प्रत्येक शीर्षक एक नयी सीख देते हुए प्रकट होता है जो, प्रतिभा प्रसूत है। यह पुस्तक न केवल संस्मरणों का लिपिबद्द स्वरूप मात्र है अपितु लोक जीवन की सहज शैली की निरूपम सौन्दर्य बोध दायी साहित्यक कृति है। इसे पढ़कर प्रत्येक पाठक अपने जीवन में घटित घटनाओं से साम्य बिठाकर अन्तर्मन में अतुलनीय आनन्दाधिगम को प्राप्त करता है। पुस्तक में दैनिक जीवन की छोटी से छोटी घटना-प्रधटना से प्राप्त होने वाली अनुभवजन्य सीख को लेखनी के माध्यम से ''एकान्त की आहट'' में भाषाबद्ध किया गया है। रोजमर्रा का जीवन अपने आप में सभी रसों (09) से सरावोर होता है।

दीपोत्सव कल, जलायें जाएंगे गोबर के दीपक: विहिप व मातृशक्ति रामजानकी मंदिर पर करेगा भव्य आयोजन

मुरैना। विश्व हिंदू परिषद, दुर्गावाहिनी-मातृशक्ति द्वारा धनतेरस पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियां व्यापक स्तर पर की जा रही हैं। खास बात यह कि इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक के गौसेवा विभाग द्वारा तैयार कराए गए गाय के गोबर और पंचगव्य से निर्मित दीपक जलाए जाएंगे।

दीपोत्सव कार्यक्रम कल मंगलवार 2 नवम्बर को शाम 5:30 बजे जीवाजी गंज स्थित रामजानकी मंदिर पर आयोजित किया जाएगा। इसमें विश्व हिंदू परिषद, दुर्गावाहिनी-मातृशक्ति व बजरंगदल के कार्यकर्ता शरीक होंगे। इसके अलावा शहर के अन्य सभी लोगों से भी इस कार्यक्रम में भागीदारी करने का अनुरोध किया गया है। विहिप के जिलाध्यक्ष सुनील चावला एवं मातृशक्ति की जिला संयोजिका भावना जैन ने बताया कि आरएसएस के गौसेवा विभाग ने इस बार गाय के गोबर व पंचगव्य से निर्मित दीपकों को अपने घर के बाहर जलाने का आव्हान किया है। इसलिए दीपोत्सव में भी इन्हीं दीपकों को रौशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दीपोत्सव कार्यक्रम में गोबर व पंचगव्य से निर्मित दीपक विक्रय के लिए भी रखे जाएंगे। कोई भी इन दीपकों को 2 रुपये प्रति नग के हिसाब से प्राप्त कर सकता है। इसके बाद गौसेवा विभाग, विश्व हिंदू परिषद व दुर्गा वाहिनी-मातृशक्ति आयाम की पदाधिकारियों से संपर्क करके ये दीपक प्राप्त किये जा सकेंगे। जिन लोगों को ये दीपक चाहिए वे हेमलता राणा, रजनी गुप्ता अथवा भावना जैन से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा 8085954962 पर कॉल करके भी दीपक प्राप्त कर सकते हैं।

इसलिए विशेष हैं गोबर के दीपक

गाय के गोबर व पंचगव्य से निर्मित दीपक इसलिए विशेष हैं, क्योंकि इन्हें जलाने से वातावरण में ऑक्सीजन बढती है और हमारे आस-पास का वातावरण शुद्ध होता हैं। यूं भी पूजा-पाठ और हवनादि में गाय के गोबर से तैयार किए गए कंडों का ही उपयोग किया जाता है। इसलिए आरएसएस के गौसेवा विभाग ने इस बार दीपावली पर इन विशेष दीपकों को घर के बाहर जलाने का आव्हान किया है।

सिंगल यूज प्लास्टिक के लिये चलाया जागरूकता अभियान

मुरैना। नगर पालिक निगम मुरैना के अन्तर्गत हनुमान मंदिर चौराहा वार्ड क्रमांक 17, 18 में सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का उपयोग न करने के लिये शपथ दिलाई गई। नगर निगम की टीम द्वारा शनिवार को लोगों को पॉलीथिन का उपयोग न करने के लिये प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मनोहर सिंह, स्वच्छता कर्मचारी, स्वच्छता ब्रांड अम्बेसडर शिल्पी जैन, सुनील क्षत्रिय सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कांग्रेस ने मनाई इंदिरा की पुण्यतिथि एवं सरदार पटेल की जयंती मनाई

कैलारस। स्थानीय कांग्रेस द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर कैलारस में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं लोह पुरुष भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें देश महान नेता पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा को एवं लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बृजमोहन मरैया, जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष राजकुमार सिंघल, नरहरी शर्मा उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, महेश शुक्ला, रफीक शेख, इसाक शेख, किसान कांग्रेस के जिला महामंत्री अजय माहौरिया, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य रामप्रकाश टैगोर, शिवदयाल शर्मा, आईटी सेल के प्रदेश सचिव विवेक शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा जिला महामंत्री युवक कांग्रेस व जिला कांग्रेस के विशेष आमंत्रित हाजी हमीदुल्लाह खान, राम लखन कुशवाह, महेश जाटव आदि कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

निःशुल्क ब्यूटीपार्लर प्रबंधन प्रशिक्षण संपन्न

मुरैना। सेन्ट ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान मुरैना द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के गरीब बेरोजगार महिलाओं को 30 दिवसीय निःशुल्क ब्यूटीपार्लर प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया था। जिसका समापन शुक्रवार को किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन अग्रणी जिला प्रबंधक एन.के. मंगल एवं मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला स्किल प्रबंधक धर्मेन्द्र करोरिया द्वारा किया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक एनके मंगल ने समस्त प्रशिक्षणार्थियों को ब्यूटीपार्लर, बैंक से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षणार्थी अपना स्वयं का व्यवसाय पूर्ण मेहनत, लगन एवं ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षणार्थी अपना स्वयं का स्वरोजगार स्थापित करें, जिससे महिला एवं पुरूष स्वयं स्वावलम्बी होकर स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर हो सके। प्रशिक्षण के समय 30 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया, जो मुरैना जिले के विभिन्न ग्रामों से थे। इस अवसर पर निदेशक आरपी गर्ग, फैकल्टी रियाज खान, सहायक जे.एस. प्रजापति एवं श्रीमती दुर्गेश शर्मा मौजूद थीं।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर स्कूली बच्चों ने निकाली साइकिल रैली

मुरैना। प्रदेश भर में सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को प्रशासन के निर्देश पर साइकिल रैली का आयोजन किया गया, जिसमें बडी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं व खिलाडियों ने बढ-चढकर हिस्सा लिया। आयोजन में मुख्य अथिति जिला पंचायत सीईओ रोशन सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे। उनके द्वारा स्थानीय डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम से साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। स्व. वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन को राष्ट्रीय एकता के रूप में मनाने हेतु डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम मुरैना में रविवार को प्रातः 8 बजे से माननीय कलेक्टर बी.कार्तीकेयन की अध्यक्षता में, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रोशन कुमार के निर्देशन में साईकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा सुभाषचंद्र शर्मा जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा तैयार की गई। रैली स्टेडियम से शुरू होकर एम.एस. रोड होते हुये, पुरानी कलेक्ट्रेट से गुजरती हुई हनुमान चौराहे से वापस आती हुई स्टेडियम पर संपन्न की गई। अंत में सभी को पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार द्वारा एकता की शपथ दिलाई गई। रैली में एनसीसी, नेवी, स्काउट दल व एक सैकड़ा से अधिक स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। अतुल सिंह सीएसपी की देखरेख में रैली को सुरक्षा प्रदान की गई। कार्यक्रम में खेल विभाग से संभा. खेल अधिकारी प्रशांत कुशवाह, जिला खेल अधिकारी दिनेशचंद्र बंसल, एनसीसी कमांडर उमेश तिवारी, नेवल अधिकारी हरिओम शर्मा, स्काउट जिला प्रभारी राकेश शर्मा नरेन्द्र सिंह तोमर, अविनाश राजावत, रामनरेश डण्डोतिया, गिरीश सारस्वत, अम्रत लाल यादव, अतर सिंह राजपूत, जितेन्द्र शुक्ला एवं नगर निगम से स्वास्थ्य अधिकारी जगदीश सिंह, नेहरू युवा केन्द्र से एसआर तोमर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्याम तोमर द्वारा किया गया।

लॉयंस क्लब का है यही सपना दीप बिना ना रहे कोई अपना

मुरैना। लायंस क्लब मुरैना वेस्ट के द्वारा दिवाली की रोशनी कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को चंबल कॉलोनी गेट के पास रैन बसेरा में रहने वाले परिवारों को फल, मिठाइयां, पटाखे, वस्त्र, ऊनी वस्त्र, जूते एवं दैनिक उपयोग की सामग्री वितरण करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्लब के साथियों ने कहा कि लॉयंस क्लब का यही सपना है कि दीपावली के पावन पर्व पर कोई भी व्यक्ति दीप बिना ना रहे। उन्होंने कहा कि रोशनी के इस महापर्व पर प्रत्येक घर रोशन हों क्लब का यही संकल्प है। कार्यक्रम में लायंस क्लब मुरैना वेस्ट से लॉयन सपना बंसल अध्यक्ष, मनोज सिंघल जोन चेयरपर्सन, विवेक मित्तल चेयरमैन मेंबरशिप कमेटी, राजेश गुप्ता क्लब सीआईएफ कोऑर्डिनेटर, अमित कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष, अनुराधा शर्मा सचिव, खेमचंद मित्तल कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री केयर्स फण्ड से 10 लाख रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी

मुरैना। 18 वर्ष तक की आयु के ऐसे बच्चे जिन्होंने मार्च 2020 से वर्तमान तक कोविड-19 महामारी के कारण अपने माता, पिता, दत्तक माता पिता, कानूनी अभिभावक, एकल माता या पिता (जिनमें से किसी एक की मृत्यु पूर्व में हो चुकी थी) ऐसे बच्चों को कल्याण स्वास्थ्य बीमा के माध्यम से उनके स्वास्थ्य की देखभाल की जायेगी। शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाने के उद्देश्य से 23 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री केयर्स फण्ड से 10 लाख रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। बाल हितग्राही को 5 लाख रूपये का स्वास्थ्य बीमा आयुष्मान योजना के तहत दिया जायेगा। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये जिला महिला बाल विकास विभाग नवीन कलेक्ट्रेट भवन एबी रोड़ मुरैना से संपर्क किया जा सकता है।

निजी बिल्डिंग के मल्टी स्टोर में मिला बम, लोगों का हुजूम उमड़ा, रास्ते हुए जाम

मुरैना। रविवार की सुबह बैरियर बस स्टैंड पर भारी पुलिस फोर्स एवं रास्ते जाम देखकर लोगों की भीड़ जुट गई और जिसको जो जानकारी मिलती गई, उसने उसे वायरल कर दिया। कोई बम की अफवाह उड़ा रहा था, तो कोई पाकिस्तानी एजेंटों द्वारा बम छुपाने की बात कर रहा था, लेकिन कुछ देर की मशक्कत के बाद लोगों को पता चला कि यह तो पुलिस की मॉकड्रिल चल रही है।

पुलिस महकमे द्वारा दीपावली त्यौहार को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से सुबह बैरियर बस स्टैंड पर एक सीन क्रिएट किया गया और बताया गया कि एक बिल्डिंग में बम रखे हुए हैं और मल्टी बिल्डिंग में न्यायालय व पुलिस से जुड़े अनेक लोग निवासरत है सूचना मिलते ही कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सहित भारी पुलिस अमला एवं दमकल विभाग वहां मौके पर पहुंच गया और रास्ते जाम हो गए। लोगों ने इस बात को इधर-उधर वायरल कर दिया लेकिन कुछ घंटों की मशक्कत के बाद पता चला कि यह पुलिस की मॉकड्रिल रिहर्सल चल रही थी। उक्त मामले की तह में जाने के बाद पता चला कि दीपावली त्यौहार से पूर्व पुलिस प्रशासन ने ऐजेंसियों की सतर्कता जॉचने हेतु मॉकड्रिल किया था, जिसके बारे में बिल्डिंग मालिक सहित वरिष्ठ पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों को ही ज्ञात था। पुलिस के इस मॉकड्रिल में अधीनस्थों की भूमिका का प्रशासन व पुलिस के अधिकारी बारीकी से मूल्यांकन कर रहे है। इस मॉकड्रिल में कौन होगा पास और कौन होगा फेल, जॉच के बाद फैसला किया जाएगा।

जिले में गोवर्धन पूजा पर स्थानीय अवकाश

मुरैना। कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने दीपावली की गोवर्धन पूजा पर जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया है। पूर्व में यह अवकाश 6 नवम्बर शनिवार को दीपावली की भाईदौज पर स्थानीय अवकाश घोषित किया था। कलेक्टर कार्तिकेयन ने दीपावली की भाईदौज का पूर्व में घोषित स्थानीय अवकाश को निरस्त कर अब 5 नवम्बर शुक्रवार को दीपावली की गोवर्धन पूजा का स्थानीय अवकाश घोषित किया है। यह अवकाश कोषाल्यों एवं उप कोषागारों के लिये लागू नहीं होगा।

ब्लॉक कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा की पुण्यतिथि व पटेल की मनाई जयंती

कैलारस। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने रविवार को कृषि उपज मंडी में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और लोहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई, जिसमें सर्व प्रथम उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया व वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने मंडी प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया, साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए। इस दौरान सभी ने प्रतिज्ञा लेते हुए कहा कि जब तक यह पौधे वृक्ष नहीं बन जाते तब तक हम इन पौधों की देखभाल करेंगे। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कैलारस के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण दुवे, सुरेश उपाध्याय, बिंदु कुरेशी, महेश शुक्ला, नरहरी शर्मा, प्रवीण करसोरिया, डॉ.शम्मा कुरैशी, एड धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, डॉ विनोद पलिया, केदार सोलंकी, मुकेश दुवे, शिवचरण शाक्य, सतेंद्र सोलंकी, सतीश कोशल, विशाल श्रीवास्तव आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त होने पर दी प्रधानाध्यापक को भावभीनी विदाई

झुण्डपुरा। शासकीय कन्या माध्यमिक विधालय के प्रधानाध्यापक लोकेंद्र प्रसाद शर्मा को सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती मां की प्रतिमा पूजन कर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद प्राचार्य शासकीय कन्या हाईस्कूल ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक ऐसा पल है जो प्रत्येक कर्मचारी के जीवन मे आता है। वरिष्ठ अध्यापक अशोक गौड एवं दिलीप शर्मा ने कहा कि लोकेंद्र प्रसाद ने विद्यालय में रहते हुए सभी के बीच में सामजस्य बनाया और विद्यालय में जी जान लगाकर कार्य किया। वे विद्यालय कार्य के लिए सदैव तत्पर रहे तथा छात्राओं की पढाई के लिए हर संभव प्रयास किया। कमलेश शर्मा एवं निर्मल पाराशर ने कहा कि लोकेन्द्र प्रसाद एक शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक के रुप मे पूरी तरह से सफल रहे हैं। उन्होंने विद्यालय के प्रत्येक काम में रुचि लिया और स्टाफ का सदैव सहयोग किया। वे जिस विद्यालय पर भी रहे उसका उन्होंने विकास किया। हम उन्हें हृदय से धन्यवाद देते हैं। इस अवसर पर संकुल केन्द्र के स्टाफ द्वारा उनका शाल श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर आरबी मित्तल, कमलेश शर्मा, अशोक गौड, दिलीप शर्मा, प्रमोद जगा, अंतिम शर्मा, प्रतापभानु, कल्याण सिंह, निर्मल पाराशर, मनोज वर्मा, रामकृष्ण पाठक, अमरसिंह, मातादीन रावत, जगदीश, बनवारी लाल, मृदुल शर्मा, लक्ष्मी शाक्य, सुनीता मांझी, शकुंतला माहौर, प्रताप रावत, जीतेंद्र रावत, वेदप्रकाश, अनुरुद्ध सिंह, भागीरथ, डालचंद, राजकुमार रावत, विमल जगा, विशाल रजक, उम्मेद रजक, गिर्राज मांझी, संजीव सोनी, भोलेराम, सामंत जाटव, ओमप्रकाश, सिताबी खान सहित स्थानीय लोग एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

वन-टू-वन

न्याय की आस में पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाता फरियादी

दबोह(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)

दबोह थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने बाले ग्राम सलैया में दिनांक 25 अक्टूबर को प्रधुन मिश्रा पुत्र सीताराम मिश्रा के ट्यूबेल से चोरी हुई थी,जिसकी शिकायत फरियादी ने दबोह थाना पर दी,फरियादी प्रधुन मिश्रा ने बताया मेरा ट्यूबेल मौजा सलैया मे है जिसमे 25 अक्टूबर को रात्रि में चोरों ने ट्यूबेल पर चोरी को अंजाम दिया तथा उसमे रखा समान चोरी कर ले गया सामान में 3 बोरी डी.ए.पी. खाद,ढाई कुंटल मटर,एक झटका मशीन, जिसकी कुल कीमत 28 हजार रूपये थी मैने अपने हिसाब से चोरों का पता लगाने की कोशिश की,तो कुछ गांव के व्यक्तियों द्वारा चोरी की गई,जिसकी शिकायत थाना दबोह में आकर दी तो थाना प्रभारी ने मेरी शिकायत को झूठ बताकर मेरी शिकायत को लेने से मना कर दिया,हमारे पास मात्र खेती ही है जिससे में घर का पालन पोषण करके चलाता हु मेहनत मजदूरी से जोड़ी गई पाई-पाई से खेती का सामान बड़ी मुश्किल से एकत्रित किया था,पुलिस अधीक्षक साहब से यही गुहार है मुझे न्याय मिले,जिन्होंने चोरी की है उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए यहां बताना मुनासिब होगा कि दबोह पुलिस नगर में अभी तक हुई चोरियों मे से मात्र एक या दो चोरियों का पता लगा पाई है।

इनका कहना: 25 अक्टूबर को एक शिकायत पत्र आया था जिसकी जांच की जा रही है,उसके बाद ही जल्द कार्यवाही की जायेगी।।

प्रमोद साहू , थाना प्रभारी दबोह

माधोसिंह दीवान ने अस्पताल का लिया जायजा

पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा

पाली–सोजत सिटी पूर्व चिकित्सा मंत्री माधोसिंह दीवान गुरूवार को राजकीय चिकित्सालय सोजत में बढती मौसम जनित बीमारियों को लेकर अस्पताल का निरीक्षण कर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश गुप्ता से चर्चा की ।सोजत पीएमओ द्वारा अस्पताल में और ऑफिस में बाबु की समस्याओं को लेकर अकाउंटेंट पर चर्चा की ।पूर्व मंत्री दीवान ने चिकित्सा मंत्री रघु शर्मा, पाली से मुख्य चिकित्सा अधिकारी पाली से टेलीफोन वार्ता कर सोजत अस्पताल में शीघ्र ही समस्या का समाधान करने के लिए वार्ता की ।माधोसिंह दीवान ने अस्पताल विकास को लेकर चिकित्सा मंत्री से बात कर अस्पताल में सारी सुविधा के लिए कार्य करने का आग्रह किया। दीवान के साथ डॉ राजेश गुप्ता, डॉ जगदीश भाटी, गोरीलाल मीणा, राहुल कुमार कांग्रेसी,नेता जगदीश पाराशर, रतनी सिरसा, प्रभुलाल टाक, राजेंद्र जांगिड़, भगतसिंह सरदारपुरा, भीकाराम सीरवी, राजेंद्र शर्मा,कल्याणसिंह आदि मौजूद थे।

सरदार पटेल एक निर्भीक राजनेता एवं एवं सच्चे देशभक्त थे।प्रो अली।

संतोष सिंह भदौरिया
पुष्पांजली टुडे

गोरमी। भारतीय जनता पार्टी मंडल गोरमी द्वारा नगर के थाना रोड स्थित मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक के आवास पर देश के पूर्व गृहमंत्री लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रोफेसर इकवाल अली मौजूद थे कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने की ।कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं ने सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रोफेसर इकबाल अली ने कहा की सरदार वल्लभभाई पटेल गरीबों की सेवा ही ईश्वर की सेवा मानते थे वह एक निर्भीक एवं सच्चे देशभक्त राजनेता थे देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने के लिए उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता हमें गर्व है कि हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी आज उन्हें अपना आदर्श मानते हैं एवं विश्व की सबसे ऊंची आदम कद प्रतिभा अहमदाबाद में सरदार बल्लभ भाई पटेल की बनवाई है हम सब कार्यकर्ताओं को आज उनके बताए मार्ग पर चलना है यही सरदार साहब के लिए हम सब लोगों की सच्ची श्रद्धांजलि होगी कार्य कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री निर्मल आर्य ने किया एवं अंत में आभार प्रगट जय वीर पुरोहित ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक वरिष्ठ नेता गोकुल सिंह परमार अरविंद वर्मा जय वीर पुरोहित निर्मल आर्य केदार गुप्ता रज्जन सिंह भदोरिया राहुल कटारे अरविंद जैन राय सिंह जाटव रणवीर परमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पूर्व महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसीयो ने किए पुष्प अर्पित

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड
दैनिक पुष्पांजली टुडे

एकता के प्रतीक सरदार बल्लभ भाई पटेल हमारे ह्रदय में हमेशा रहेंगे विराजमानन्मानसिंह कुशवाहा

भिण्ड। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा के नेतृत्व में समस्त कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ मिलकर 31 अक्टूबर को सुबह 10ः30 बजे खंडा रोड से पैदल चलकर इंदिरा गांधी चौराहे पर आयरन लेडी के नाम से विश्वविख्यात पूर्व महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माला पहनाकर उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

बता दें कि भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 31 अक्टूबर को 37 वीं पुण्यतिथि जिस पर सभी कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। तत्पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि के साथ लोह पुरुष एकता के प्रतीक सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती भी मनाई गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि उनके उनके द्वारा देश की आजादी में अहम भूमिका निभाई गई थी तब कहीं जाकर यह देश आजाद हो पाया था। और उनका सबसे महत्वपूर्ण कार्य सभी को साथ लेकर चलना था जिसके कारण 31 अक्टूबर को उनकी जयंती को एकता दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। मान सिंह कुशवाहा ने कहा कि दमदार छवि के चलते वल्लभ भाई पटेल के नाम के आगे सरदार शब्द जुड़ गया था आज सभी लोग उन्हें सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम से जानते हैं एवं वह भारत के पहले उप प्रधानमंत्री के रूम में देश की कमान संभाली थी। जिससे देश को एक नई दिशा मिली थी।

इतिहास के पन्नों में ÷दुर्गा÷ नाम से जानी जाती है आयरन लेडी इंदिरा गाँधी: जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी इंदिरा गांधी को दुर्गा के नाम से जाना जाता है।उनके द्वारा किए गए कार्यों को कोई भुला नहीं सकता है उन्होंने बताया कि 1971 में गरीबी हटाओ वाले नारे के साथ इंदिरा गांधी ने सत्ता में वापसी की थी जो कि एक शक्तिशाली प्रधानमंत्री के रूप में स्थापित हुई थी इसी दौरान उन्होंने पाकिस्तान के दो टुकड़े करके दिखाए थे इससे इंदिरा गांधी को पूरे देश ने सिर आंखों पर बिठा लिया था। उनके द्वारा पाकिस्तान पर भारी भरकम जीत राष्ट्र के लिए गौरव का विषय बन गई थी। मान सिंह कुशवाह ने बताया कि सन 1974 में भारत द्वारा पोखरण में किए गए परमाणु परीक्षण ने इंदिरा गांधी का रुतबा देश व संसार में और बढ़ा दिया था। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा इंदिरा गांधी के द्वारा किए गए अन्य कई कार्यों को याद किया गया वही उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प भी लिया गया।इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष जय श्रीराम बघेल, बृजेंद्र सिंह कल्लू,रॉकी तोमर राहुल सिंह कुशवाह,संजय भूता,अनिल भारद्वाज,दीपू दुबे,विजय देपुरिया,अरविंद अरेले,अजय शर्मा ,अंशु यादव बृजेंद्र बघेल,राजू सिंह लोधी,गोविंद शाक्य,बृजेश जैन,दर्शन सिंह तोमर,जितेंद्र वर्मा,रेखा भदौरिया,वीरेंद्र यादव ,ममता मिश्रा,योगेश शाक्य,शैलेंद्र सिंह भदोरिया,विवेक पचौरी,अरविंद सोनी,वीर प्रकाश श्रीवास्तव, कुलदीप भारद्वाज, अहिबारन सिंह बघेल, राजवीर खन्ना,अमित शिवहरे, सतपाल अगरईया रामबरन कुशवाह, राजेंद्र परिहार के अलावा सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मप्र में जल्द बदलेगा मौसम, 5 नवंबर के बाद बढ़ेगी ठंड, इन राज्यों में बारिश-बर्फबारी...

अगले 24 घंटे में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसका प्रभाव 4 से 5 नवंबर तक खत्म हो जाएगा

केशब प्रसाद शर्मा
पुष्पांजली टुडे

चम्बल मुरैना । मध्य प्रदेश में बारिश का दौर थमते ही गुलाबी ठंड का आगाज हो गया है। बीते एक हफ्ते से दिन-रात के तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का दौर जारी है, ऐसे में 5 नवंबर के बाद प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ने के आसार है।आज रविवार को पश्चिमी विक्षोभ के असर से पाकिस्तान और उसके आसपास एक प्रेरित चक्रवात के बनने की संभावना है मौसम विभाग के अनुसार, नवंबर से ठंड में तेजी आएगी।वर्तमान में साउथ में बने निम्न दबाव के कमजोर पड़ने से ठंड में कमी आई है, लेकिन दिवाली के बाद रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी और ठंड बढ़ना शुरु हो जाएगी। अगले 24 घंटे में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसका प्रभाव 4 से 5 नवंबर तक खत्म हो जाएगा। इसके बाद पांच नवंबर के बाद दिन और रात के तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने के आसार है।इसे ठंड की दस्तक माना जाएगा।पचमढ़ी और मंडला में तो रात का पारा 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे लुढ़का है। मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल में अक्टूबर में 11 साल में पहली बार 30 अक्टूबर को पारा 13 डिग्री सेल्सियस पर आया।शनिवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से दो डिग्रीसे. कम रहा, लेकिन शुक्रवार के अधिकतम तापमान (28.1 डिग्री से.) की तुलना में 1.1 डिग्री से. अधिक रहा। वही इंदौर न्यूनतम तापमान में 14.1 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 2 डिग्री कम था। वही अधिकतम तापमान भी सामान्य से चार डिग्री कम 28.4 डिग्री दर्ज किया गया।

शहर में स्वच्छता का संदेश देने स्वच्छता अभियान चलाकर एनएसएस ने निकाली साइकिल

नीरज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड(ब्यूरो)। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत क्लीन इंडिया कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा भिंड किला परिसर में और शहीद पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया गया। वेस्टेज पॉलिथीन एवम सिंगल यूज्ड प्लास्टिक कचरे को इकठ्ठा किया गया। इसके बाद ऐतिहासिक भदावर किला भिण्ड से माधौगंज हाट, गौरी सरोवर होते हुए, हाउसिंग कॉलोनी,धर्मपुरी,शास्त्री चौराहे से होकर क्रमांक 1 स्कूल पर स्वच्छता रैली समाप्त हुई। रैली को हरी झंडी जिला पंचायत सीईओ जे के जैन ने दिखाई और कहा प्लास्टिक इस युग की सबसे बड़ी चुनौती है,इससे युवाओं को निपटना होगा। युवा ही इस दिशा में जन जागृति फैलाकर लोगो को प्लास्टिक के नुकसान बताते हुए इससे निजात दिला सकते है।

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 1 नवम्बर को मेला ग्राउण्ड पर मनाया जाएगा

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड(ब्यूरो)। नगरीय विकास एवं आवास विभाग राज्यमंत्री श्री भदौरिया के मुख्य आतिथ्य में होगा कार्यक्रम 'मध्यप्रदेश स्थापना दिवस' 1 नवम्बर 2021 के समारोह का आयोजन नगरीय विकास एवं आवास विभाग राज्यमंत्री श्री ओ.पी.एस. भदौरिया के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सांसद भिण्ड-दतिया संसदीय क्षेत्र श्रीमती संध्या सुमन राय एवं भिण्ड विधायक श्री संजीव सिंह कुशवाह रहेंगे। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन निराला रंग विहार, मेला ग्राउण्ड परिसर, भिण्ड में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिले के समस्त गणमान्य नागरिक एवं प्रिन्ट एवं इलैक्ट्रोनिक मीडिया के पदाधिकारी सादर आमंत्रित हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ सायं 6 बजे अतिथियों का आगमन एवं दीप प्रज्वलन किया जाएगा। इसके बाद सायं 6.15 बजे राष्ट्रगान एवं सायं 6.30 बजे राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण (आत्मनिर्भर म.प्र. के लिए जनभागीदारी अभियान थीम पर) होगा। सायं 7.10 बजे गायन/वादन/नृत्य इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। सायं 7.30 बजे कविता पाठ (स्थानीय कवियों द्वारा) एवं सायं 7.45 बजे म.प्र. गान एवं कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती पर रन फार यूनिटी का हुआ आयोजन

रितेश कटरे
पुष्पांजली टुडे

बालाघाट । नेहरू युवा केंद्र बालाघाट (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) तथा जिला प्रशासन बालाघाट के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 31 अक्टूबर 2021 को स्थानीय मुलाना स्टेडियम बालाघाट से एक विशाल साइकिल रैली एवं एकता के लिए दौड़ (रन फार यूनिटी) का आयोजन किया गया। रन फार यूनिटी दौड़ को कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा मुलना स्टेडियम से झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौड़ में अधिकारियों, छात्र-छात्राओं एवं खेल संगठनों के पदाधिकारियों एवं नागरिकों ने भाग लिया। यह दौड़ आम्बेडकर चौक, काली पुतली चौक, जय स्तंभ चौक होते हुए वापस मुलना स्टेंडियम में समाप्त हुई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ गिरीश कुमार मिश्रा कलेक्टर बालाघाट, विवेक कुमार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट, अपर कलेक्टर बालाघाट शिव गोविंद मरकाम, अनुविभागीय अधिकारी के सी बोपचे, सुश्री रश्मि शबनम गुप्ता जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र बालाघाट, सी आर जंघेला लेखा एवम कार्यक्रम पर्यवेक्षक नेहरू युवा केन्द्र बालाघाट, जमील अहमद जिला खेल अधिकारी व अन्य अधिकारियों गणमान्य नागरिको उपस्थित थे।

कलेक्टर डॉ मिश्रा द्वारा राष्ट्रीय एकता की दिलाई शपथः इस अवसर पर कलेक्टर डॉ मिश्रा द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई तथा इस कार्यक्रम में विभिन्न खेल संगठनों, नेहरू युवा केंद्र के युवा मंडल महिला मंडल के पदाधिकारी गण, एनसीसी एनएसएस, स्काउट गाइड, खेल विभाग के समस्त ब्लॉक खेल संगठक, नेहरू युवा केंद्र के एनवाईवी व अन्य विभागों के शालेय छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र बालाघाट के द्वारा समस्त प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्रीय सद्भावना बनाए रखने के लिए अपील की गई। आभार उपरांत कार्यों का समापन किया गया।

करुणागिरी कलपाथरी में भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस आयोजित करने बैठक संपन्न

रितेश कटरे
पुष्पांजली टुडे

बालाघाट । भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस 1 जनवरी 2022 करुणागिरी कलपाथरी में आयोजित करने आवश्यक बैठक समिति के अध्यक्ष आयुष्यमान पी डी भालाधरे तथा मुख्य अतिथि भारतीय बौद्ध महासभा के जिला उपाध्यक्ष आयुष्यमान पी एल मेश्राम के मुख्य आतिथ्य में 31 अक्टूबर को करूणागिरी कलपाथरी में संपन्न हुई। अध्यक्ष तथा मुख्यातिथि के द्वारा तथागत गौतम बुद्ध और बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमाओं के समक्ष दीप प्रज्वलित कर त्रिशरण पंचशील ग्रहण किया गया तत्पश्चात बैठक प्रारंभ हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी तहसील स्तरीय कार्यक्रम करुणागिरी में आयोजित किया जाएगा। प्रातः धम्म रैली करुणा बौद्ध विहार कलपाथरी से निकलेगी जो ग्राम का भ्रमण करते हुए पाथरगांव से बाजारटोला बुद्ध विहार पहुंचेगी। बाजारटोला का भ्रमण करने के बाद करुणागिरी में रैली का समापन होगा। मंचीय कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में प्रोफेसर डॉक्टर इन्दु चौधरी को आमंत्रित करने एक राय बनी। रात्रि कालीन कार्यक्रम में कव्वाली का कार्यक्रम आयोजित होगा। प्रस्ताओ पर उपस्थित समस्त सदस्यों ने अपनी स्वीकृति प्रदान किया। आयोजित हुई बैठक में मुख्य रूप से पी डी भालाधरे ,पी एल मेश्राम, बी एल खोबरागड़े,सी एल बोरकर, ए आर डोंगरे,डॉक्टर देवाजी रामटेके, ईश्वर बांसोड़, अनिल शेन्दे,मनोहर चौरे,महेंद्र मडामें, महेंद्र बंसोड, अनिल नागवंसी, मनोज बारमाटे,योगीदास मेश्राम,चंद्रशेखर मेश्राम,दीपक रामटेके,कृष्ण कुमार भीमते,सेवकदास मेश्राम,हंसराज रामटेके,छोटेलाल बांसोड,राजेश चौरे उपस्थित रहे। करूणागिरी महासचिव ईश्वर बंसोड़ के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

डीएम, एसएसपी ने फ्लैग मार्च के दौरान संदिग्ध स्थानों पर कराई सघन चैकिंग

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर

एटा जी0टी रोड, मुख्य बाजार घण्टाघर, बाबूगंज, सर्राफा बाजार सहित अन्य स्थानों पर किया गया दुकानदारों से अपने प्रतिष्ठान पर डस्टबिन रखने, सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगाने हेतु की गई अपील शांति एवं सौहार्द के साथ आगामी त्योहारों को मनाया जाए, शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने पर होगी सख्त कार्यवाही फ्लैग मार्च के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाह, एएसपी क्राइम स्नेहलता, एसडीएम सदर शिव कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर राघवेंद्र सिंह राठौर सहित अन्य अधिकारीगण, भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

पैदल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन की टक्कर से मौके पर मौत

दिनारा थाना क्षेत्र की थनरा चौकी प्रभारी के सेमरा तिराहे का मामला

हरिओम चतुर्वेदी पुष्पांजली टुडे

दिनारा । कस्बे में रविवार की सुबह एक अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल जा रहे एक युवक की मौत हो गई थनरा चौकी प्रभारी विनोद गौतम ने बताया कि शिवा पुत्र मूरत सिंह यादव उम्र 22 साल निवासी सेमरा थाना दिनारा रविवार की सुबह 11 बजे के लगभग अपने गांव सेमरा से दिनारा की ओर पैदल जा रहा था तभी हाइवे पर उटवाहा माता मंदिर के पास एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

वन-टू-वन

बकरी बांधने को लेकर हुए विवाद मे पडोसियो ने महिला के साथ की जमकर मारपीट

भोपाल। राजधानी के अशोका गार्डन इलाके में बकरी बांधने को लेकर हुए विवाद में चार लोगों ने मिलकर एक महिला के साथ डंडे से जमकर मारपीट कर दी। घटना के दोरान महिला के सिर में वार करने से उसे गंभीर चोट आई है, जिसे इलाज के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने आरोपी चार युवकों के खिलाफ हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर उनककी गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दशमेश नगर अशोका गार्डन मे रहने वाले राजा खान पुत्र सफीक खान (42) पेशे से ड्रायवर हैं। राजा के पड़ोस में मुनज्जिम खान रहता है। मुनज्जिम ने बकरियां पाल रखी हैं। बकरियां को वह घर के बाहर बांधता है। इससे गंदगी फैलने के साथ ही बदबू आती है। इसी बात को लेकर पड़ोसी राजा का उससे अक्सर विवाद होता रहता था। बीती शाम भी बकरियां बांधने को लेकर उनके बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर मुनज्जिम खान, असफाक, दानिश और मोअज्जम ने मिलकर राजा से मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने डंडे और राड से उस पर हमला कर दिया। पति की चीख सुनकर राजा की पत्नी फरहत बीच-बचाव करने वहॉ आई। तब आरोपियो ने उस पर भी डंडो से जानलेवा हमला करते हुए सिर पर डंडा और राड से वार कर दिये। आरोपियो के हमले मे पति-पत्नी बेसुध होकर गिर गए। बाद मे उन्हें एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया गया। जहॉ दोनों की हालत गंभीर बताई गई है। घटना की सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया। सुत्रो का कहना है कि पुलिस ने तत्काल ही घेराबंदी कर दो आरोपियों को दबोच लिया जबकि दो आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, रेल्वे ट्रैक पर मिली युवक की लाश

भोपाल। राजधानी के मिसरोद थाना इलाके मे स्थित 11 मील बायपास पर बीती तड़के सुबह पुलिस ने अज्ञात युवक की लाश बरामद की है। पुलिस का अनुमान है कि मृतक को को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी। वही पुलिस को मृतक के पास ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे उसकी शिनाख्त की जा सके। उधर एमपी नगर में स्थित रेलवे ट्रेक पर मिली अज्ञात व्यक्ति के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच मे जुटी है। मिसरोद पुलिस के अनुसार लोगो से मिली सचूना पर 11 मील ओवर ब्रिज के नीचे बीती अल सुबह करीब 30 वर्षीय अज्ञात युवक की लाश बरामद की गई है। मृतक के शरीर पर टक्कर मारने और रगड़ के निशान थे। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है, कि किसी अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मारी है। तलाशी में युवक के कपडो से ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला जिससे उसकी शिनाख्त की जा सके। मृतक की पहचान जुटाने के लिये पुलिस ने आस पास की थाना पुलिस को सभी में उसकी जानकारी भेज दी है। वहीं एमपी नगर पुलिस के अनुसार 25 वर्षीय युवक की लाश रेलवे लाईन रचना नगर पर बरामद की गई है। उसकी मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। इस मामले में भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है जिसके प्रयास पुलिस कर रही है। मृतक की मौत हादसा है या आत्महत्या इसकी जॉच उसकी शिनाख्ती के बाद ही की जायेगी।

चर्च के सामने अश्लील प्रैंक वीडियो बनाने पर मॉडल को हुई जेल

मास्को। ताजिकिस्तान के ऑनलाइन प्रैंक स्टार रुस्लान मुरोद्झोंजोडा को रूस में चर्च के सामने अश्लील प्रैंक (मजाक) करना भारी पड़ गया। अब उन्हें 10 महीने के लिए जेल में डाल दिया गया है जहां वो सजा पूरी करने के बाद ही बाहर आएंगे। दरअसल रुस्लान मुरोद्झोंजोडा जो सोशल मीडिया पर रुस्लान बोबियेव के नाम से चर्चित हैं उन्होंने रेड स्क्वायर पर सेंट बेसिल चर्च के करीब अश्लील प्रैंक वीडिया बनाया था। इस दौरान रुस्लान ने पुलिस जैकेट पहन रखी थी। धार्मिक भावना को आहत करने के आरोप में पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था जिसके बाद उन्हें 10 महीने की सजा सुनाई गई है। विश्व प्रसिद्ध गिरजाघर के सामने रुस्लान की प्रेमिका चिस्तोवा घुटने टेक कर एक्ट करने का नाटक कर रही थी। इस मामले को लेकर मॉस्को की टावर्सकोई जिला अदालत ने दोनों को इंस्टाग्राम पर माफी मांगने के बावजूद लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का दोषी पाया। सजा के बाद रुस्लान को भी ताजिकिस्तान निर्वासित कर दिया जाएगा। एक बयान में, अदालत ने कहा कि मुरोद्झोंजोडा और चिस्तोवा के कार्यों ने ÷समाज के प्रति स्पष्ट अनादर÷ को दिखाया है। बता दें कि रुस्लान को एक ऑनलाइन प्रैंक स्टार के रूप में जाना जाता है और उनकी 19 साल की प्रेमिका चिस्तोवा भी एक इंस्टाग्राम मॉडल हैं। सजा से पहले, चिस्तोवा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लोगों से माफी मांगते हुए कहा कि उसने नहीं सोचा था कि लोग इसे नापसंद करेंगे और भावनाएं आहत होंगी।

पाकिस्तान में समय से पहले आम चुनाव चाहता है विपक्ष, पीडीएम की रैली में उठी मांग

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की इमरान सरकार की मुसीबतें बढ़ती ही जा रही हैं। देश में बढ़ती तेल की कीमतों और बढ़ती महंगाई दर ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। वहीं दूसरी तरफ विपक्ष की एकजुटता का प्रयास कर रही पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) भी सरकार के लिए चिंता का सबब बन गया है। फजलुर्र रहमान के नेतृत्व वाले पीडीएम ने रविवार को डेरा गाजी खान में विशाल रैली का आयोजन किया है। रैली में देश की लगभग सभी विपक्षी पार्टियों ने हिस्सा लिया। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज की तरफ से रैली में शाहबाज शरीफ ने भाग लिया। इससे पहले भी पीडीएम की रैली 16 और 22 अक्टूबर को हुई थी। विपक्ष लगातार महंगाई का मुद्दा उठाकर इमरान सरकार की गलत नीतियों पर हमला कर रहा है।

पी पी विजयन संग्रहालय सेवा से निवृत हुए

भोपाल(। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रवीण कुमार मिश्र, निदेशक ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक ऐसा अवसर है जहाँ व्यक्ति को बोलने के लिए शब्दों की कमी पड़ जाती है क्योंकि उस समय मन में मिश्रित भावनाएं उमड़ती है। उस समय दोनों खुशी के पल और दुखद क्षण व्यक्ति की आँखों के सामने छा जाते हैं। सेवानिवृत्ति विदाई समारोह का आयोजन रिटायर हो रहे व्यक्ति के काम या योगदान को पहचानने के लिए किया जाता है। पी पी विजयन अच्छी आदतों और उच्च चरित्र के व्यक्ति है। आपने इस संग्रहालय को नियमित सेवाएं प्रदान की है, आपने अपने जीवन में सदैव शिष्टाचार का पालन किया और हमें भी करने की प्रेरणा दी। आप और आपके कार्य हमारे लिए जीवनभर अविस्मरणीय रहेगें। पी पी विजयन ने दिनांक 02.08.1993 में संग्रहालय में अपनी सेवा कि शुरुआत की थी7 इस अवसर पर पी पी विजयन ने कहा यह मेरी खुशकिस्मती है कि इतने अद्भुत और प्यारे लोगों के साथ जुड़ने का मौका मुझे मिला जिनके साथ मैंने इस संग्रहालय में अपने कार्यकाल के दौरान काम किया। यह सब मेरे जीवन का एक असाधारण हिस्सा रहा है। कार्यक्रम का संचालन सुधीर श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. प्रवीण कुमार मिश्र, निदेशक द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय कर्मचारी साख समिति के अध्यक्ष एच बी एस परिहार एवं प्रशासनिक अधिकारी राकेश कुमार भट्ट ने उपहार दिए एवं धरनी धर सेनापति ने चेक प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन राकेश कुमार भट्ट, प्रशासनिक अधिकारी द्वारा किया गया।

हमारा भारत देश राष्ट्रीय एकता की एक मिसाल है: डॉ प्रवीण कुमार मिश्र

भोपाल। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आज लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हुए सुबह संग्रहालय कर्मियों तथा उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गयी। तत्पश्चात राष्ट्रीय एकता दौड़ (रन फॉर यूनिटी) में भाग लेने वाले सभी लोगो को संग्रहालय के प्रवेश द्वार क्रमांक 01 से कार्यक्रम समन्वयक दीपक चौधरी द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया यह दौड़ हिमालय ग्राम मुक्ताकाश प्रदर्शनी परिसर में जाकर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर, संग्रहालय के निदेशक डॉ प्रवीण कुमार मिश्र ने एकता की दौड़ में भाग लेने वाले सभी लोगो को गंतव्य स्थान पहुंचने पर बधाई दिया तथा दल के सदस्यों को अपने सन्देश में कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने हमें एक संगठित भारत दिया था 7 राष्ट्रीय एकता एक मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया व एक भावना है जो किसी राष्ट्र अथवा देश के लोगों में भाई-चारा अथवा राष्ट्र के प्रति प्रेम एवं अपनत्व का भाव प्रदर्शित करती है ।यह राष्ट्र को सशक्त एवं संगठित बनाकर विभिन्न धर्मों, संप्रदायों, जाति, वेश-भूषा, सभ्यता एवं संस्कृति के लोगों को एक सूत्र में पिरोए रखती है । हमारा भारत देश राष्ट्रीय एकता की एक मिशाल है। जितनी विभिन्नताएँ हमारे देश में उपलब्ध हैं उतनी शायद ही विश्व के किसी अन्य देश में देखने को मिले।

कोविड इंसेटिव न मिलने से नाराज एम्स इंटर्न डॉक्टर का विरोध जारी

भोपाल)। राजधानी भोपाल एम्स में इंटर्न डॉक्टर का धरना-प्रदर्शन का रविवार को भी जारी रहा। गोरतलब है कि कोरोना की दूसरी लहर में सेवा करने वाले डॉक्टर प्रबंधन से कोविड इंसेटिव देने की मांग कर रहे है। बीते दिन विधायक कृष्णा गौर को इंटर्न डॉक्टरों ने अपनी मांगों को लेकिर ज्ञापन सौंपा था। वही इंटर्न डॉक्टर ने फैसला लिया है, कि एम्स में डेंगू के मरीज बढ़ते जा रहे है। जिसको ध्यान में रखते हुए इंटर्न डॉक्टर ब्लड डोनेशन करेंगे। इसके लिए रविवार को अस्पताल में ब्ल्ड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। इंटर्न डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रबंधन की तरफ से सोमवार तक कुछ लिखित में जवाब नहीं आता है, तो सोमवार को इंटर्न डॉक्टर भूखड़ताल पर बैठेंगे। इंटर्न डॉक्टरों का आरोप है कि प्रबंधन वादा करके उनको 54 दिन का कोविड इंसेटिव नही दे रहा है।

नर्मदा विकास प्रधिकरण की अजब-गजब व्यवस्था

नर्मदा पास में महंगी... दूरी पर सस्ती

भोपाल। नर्मदा विकास प्राधिकरण का वाकई ये अजब -गजब का खेल समझ से परे है। नर्मदा का पानी पास वाले स्थान पर महंगा, वहीं दूर वाले स्थान पर सस्ता मिलता है। एनवीडीए दो शहरों को नर्मदा का पानी भेजने की अलग-अलग कीमतें वसूल रहा है। हैरानी की बात यह है कि जो शहर नर्मदा पम्प स्टेशन से पास है, वहां भेजे जाने वाले पानी की कीमत ज्यादा और जो शहर पम्प स्टेशन से बहुत दूर है, वहां के पानी की कीमत बहुत कम है। दो शहरों से पानी की अलग-अलग कीमतों में अंतर वाला गणित किसी को समझ में नहीं आ रहा है। न ही यह पहेली कोई बूझने को तैयार है कि ऐसा क्यों हो रहा है।

नर्मदा विकास प्राधिकरण ओंकारेश्वर नर्मदा पम्प स्टेशन से देवास शहर व इंदौर (सिमरोल) को नर्मदा-शिप्रा लिंक परियोजना के जरिए नर्मदा का पानी मुहैया कराता आ रहा है। सिमरोल से नर्मदा का पानी एमपीआईडीसी, यानी मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम बनाम एकेवीएन अपनी पाइप लाइन के जरिए पीथमपुर सहित अन्य औद्योगिक क्षेत्रों के लिए ले जाता है।

यह कैसी पहेली और कैसा गणित: इंदौर-बड़वाह होते हुए ओंकारेश्वर से सिमरोल की दूरी लगभग 56 किलोमीटर मानी गई है। नर्मदा पम्प स्टेशन से एमपीआईडीसी को एनवीडीए रोज 30 एमएलडी पानी भेजता है। वहीं ओंकारेश्वर से देवास की दूरी लगभग 112 किमी है। एनवीडीए देवास को भी उतना ही पानी रोज भेजता है, जितना सिमरोल यानी इंदौर को। सबसे बड़ी पहेली यही है कि सिमरोल ओंकारेश्वर से देवास की अपेक्षा आधी दूरी पर है। उधर देवास से ओंकारेश्वर तक की दूरी सिमरोल से दोगुना यानी 56 किमी ज्यादा है। यानी 56 किमी दूरी वाले एमपीआईडीसी के नर्मदा इंडस्ट्री वाटर प्रोजेक्ट को लगभग 28 रुपए और 112 किमी वाले देवास को लगभग 18 रुपए में हजार लीटर पानी मिल रहा है। आखिर दोनों जगह बराबर मिलने वाले पानी की कीमतों में 10 रुपए का इतना बड़ा अंतर क्यों है, यह गुत्थी आज तक समझ से परे है।

पीथमपुर और देवास के उद्योगों के पानी की दरें: एकेवीएन नर्मदा विकास प्राधिकरण से 30 एमएलडी पानी खरीदता है, जिसकी प्रति हजार लीटर कीमत 28 रुपए 25 पैसे है। वहीं देवास भी 30 एमएलडी पानी खरीदता है, जिसकी दर 18 रुपए है, मगर एमपीआईडीसी पीथमपुर के उद्योगों को 50 रुपए 68 पैसे प्रति हजार लीटर पानी बेचता है, जबकि देवास अपने यहां के उद्योगों को 56 रुपए 57 पैसे में पानी देता है।

कीमतों में बड़ा अंतर: एमपीआईडीसी यानी एकेवीएन एनवीडीए से प्रतिदिन 30 एमएलडी पानी खरीदता है, जो सिमरोल से सोनवाय-भैंसलाय होते हुए पीथमपुर पहुंचता है, जिसकी कीमत 28 रुपए 25 पैसे प्रति हजार लीटर तय है। इसी तरह नर्मदा-शिप्रा लिंक परियोजना के जरिए एनवीडीए देवास को भी इतना ही 30 एमएलडी नर्मदा का पानी भेजता आ रहा है । देवास को इतना ही पानी महज लगभग 18 रुपए में दिया जा रहा है। मगर इस मामले में एमपीआईडीसी ने चुप्पी साध रखी है।

सबसे बड़ा सवाल: इस अजीब पहेली में एक सबसे बड़ा सवाल यह छुपा हुआ है कि देवास शहर की अपेक्षा एमपीआईडीसी इंदौर रीजनल कार्यालय एनवीडीए से 10 रुपए महंगा पानी क्यों खरीदता आ रहा है। आखिर मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम ने पानी की कीमतों के अंतर पर चुप्पी क्यों साध रखी है, जबकि देवास की अपेक्षा पीथमपुर में उद्योगों की संख्या बहुत ही ज्यादा है।

आईपीएस आशीष तिवारी सहित तीन के खिलाफ यूपी मे एफआईआर दर्ज

भोपाल। मध्यप्रदेश के इटारसी के रहने वाले 2012 बैच के आईपीएस आशीष तिवारी के खिलाफ उत्तर प्रदेश में अपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार अयोध्या कोतवाली पुलिस ने पंजाब नेशनल बैंक की असिस्टेंट मैनेजर श्रद्धा गुप्ता सुसाइड मामले मे जॉच के बाद आशीष सहित तीन लोगों को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी बनाया है। गौरतलब है कि मृतका श्रद्धा ने अपने सुसाइड नोट में लिखा था, कि उसकी विवेक गुप्ता नाम एक शख्स के साथ शादी तय हुई थी, बाद में खुद उसने शादी से इनकार कर दिया था। आरोप है कि इसके बाद आशीष उसे परेशान कर रहा था। वही श्रद्धा ने आईपीएस आशीष तिवारी और पुलिस अधिकारी अनिल रावत को भी अपनी मौत का जिम्मेदार बताया था। बीती देर रात में पुलिस ने आशीष तिवारी, अनिल रावत, विवेक गुप्ता के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार 2012 बैच के आईपीएस आशीष तिवारी मूल रूप से मध्य प्रदेश के इटारसी के रहने वाले हैं। उनके पिता कैलाश नारायण तिवारी रेलवे इटारसी में सिग्नल एंड टेलीकॉम विभाग में सीनियर सेक्शन इंजीनियर पद से रिटायर्ड हुए। पुरानी इटारसी के कृष्णाविहार कॉलोनी में पिता रहते हैं। आशीष तिवारी वर्तमान में एसएसएफ (स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स) के इंचार्ज हैं। वे पहले अयोध्या में रहे हैं, ओर वर्तमान में उनकी लखनऊ में तैनाती है। वहीं, अनिल रावत की तैनाती अयोध्या में ही है। मृतका श्रद्धा गुप्ता ख्वासपुरा के पीएनबी (पंजाब नेशनल बैंक) की शाखा में बतौर क्लर्क साल 2015 में जॉइन किया था। प्रमोशन के बाद श्रद्धा को बछड़ा सुलतानपुर के पीएनबी बैंक में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर भेजा गया। उसने बैंक के सामने विष्णु एंड कंपनी बिल्डिंग में कमरा किराए पर ले रखा था। श्रद्धा यहां अकेली रहती थीं। बताया गया है कि 30 अक्टूबर शनिवार की सुबह दूध वाले ने श्रद्धा के कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन भीतर से कोई आवाज नहीं आने पर उसने मकान मालिक को इसकी जानकारी दी। मकान मालिक ने खिड़की से अंदर झांका तो उसे श्रद्धा का शरीर दुपट्टे के फंदे पर झूलता नजर आया। पुलिस को शव के पास सुसाइड नोट मिला। अपने सुसाइड नोट में आईपीएस अधिकारी आशीष तिवारी समेत तीन लोगों को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया है।

चीन ने ब्राजील के बीफ, यूएई के झींगों और अमेरिका के मेन लॉब्स्टर को बताया कोरोना की असली वजह

बीजिंग। चीन में दो साल पहले कोरोना संक्रमण का पहला मामला सामने आया था। इसी वजह से, कोरोना की उत्पत्ति चीनी से ही मानी जाने लगी। चीन अपनी इस छवि को सुधारने के लिए तरह-तरह के पैंतरे अपनाता रहा है। अब उसने दावा किया है कि कोरोना संक्रमण की वजह ब्राजील का बीफ, सऊदी अरब के झींगे और अमेरिका का मेन लॉब्स्टर है। चीनी मीडिया इस थ्योरी को बढ़ावा देने के लिए लगातार खबरें छाप रहा है। पॉलिसी रिसर्च ग्रुप (पीओआरईजी) नाम के ग्लोबल थिंक टैंक के लिए माइकल श्लीब्स ने इस तरह के चीनी अकाउंट्स पर शोध किया जो कोरोना संक्रमण पर किसी विशेष नैरेटिव को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने पाया कि चीन के समर्थन में पोस्ट करने वाले सैकड़ों सोशल मीडिया अकाउंट्स से यह दावा किया जा रहा है कि कोरोना वायरस की असली वजह आयातिति कोल्ड मीट है। चीनी मीडिया यह साबित करने में रुचि ले रही है कि ब्राजील के बीफ, सऊदी के झींगे और अमेरिका के पोर्क की वजह से कोरोना वायरस फैला है। ग्लोबल थिंक टैंक के मुताबिक, श्लीब्स ने करीब 18 महीनों तक चीन समर्थक अकाउंटों का अध्ययन किया और पाया कि कोलकाता स्थित कांसुलेट में कार्यरत एक चीनी राजदूत की तरफ से लॉबस्टर या पोर्क वाली थ्योरी को शेयर करना शुरू किया था। रिपोर्ट के मुताबिक, झा लियोऊ ने नवंबर 2019 में यह थियोरी पोस्ट की थी और अब यह तेजी से फैल गई है। हालांकि, लॉबस्टर सप्लायर और मेन स्थित सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल दोनों की तरफ से इन दावों को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया गया है, लेकिन चीन पर इसका कोई असर पड़ता नहीं दिख रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक चीन के मीट मार्केट वुहान को कोरोना का एपिसेंटर बताए जाने को लेकर कई अंतरराष्ट्रीय शोध हुए हैं। ऐसे में इस दावे का जवाब देने के लिए चीन ने दूषित मांस की थियोरी को बढ़ावा देना शुरू कर दिया है।

जिला कलेक्टर अंशदीप ने किया शिविर का निरीक्षण

जन समस्या का निस्तारण करने का दिया आश्वासन

पुष्पांजली टुडे संवाददाता/नेनाराम सिरवी

रानी पाली । निकटवर्ती चांचोड़ी ग्राम पंचायत क्षेत्र में प्रशासन गांवो के संग शिविर आयोजन हुआ । रानी उपखंड अधिकारी रविकांतसिंह मीणा, विकास अधिकारी आवडदान चारण, रानी प्रधान श्याम कंवर मेडतिया,तहसीलदार सुनिता चारण की मौजूदगी में ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण किया गया । इस दौरान पाली जिला कलेक्टर अंशद्वीप ने शिविर का निरिक्षण कर प्रत्येक विभाग के अधिकारियों से रूबरू होकर शिविर के बारे में बारिकी से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए । वहीं पीएम आवास योजना के अन्तर्गत चार परिवारों को आवास स्वीकृति पत्र व पट्टे का वितरण भी जिला कलेक्टर के हाथों से लोगो हाथो हाथ दिए गए । शिविर में आमजन को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पहुचाने के साथ आवश्यक कार्यो के निस्तारण करने के बारे में भी सबंधित विभिन्न विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए । प्रशासन गांवों के संग शिविर के दौरान विभिन्न जन समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया गया जिसमें सरपंच पूनम सिंह राजपुरोहित के कार्यकाल में सराहनीय किए गए कार्य की लोगों ने सहाना करते हुए बताया कि वर्तमान ग्राम पंचायत द्वारा कई ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं।सैकड़ों वर्षो पुराना सपनों को साकार करते हुए सरपंच पूनम सिंह राजपुरोहित ने मां चामुंडा मंदिर तक सीसी सड़क का निर्माण कार्य पूरा कराया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत जनता प्रतिनिधि ग्राम विकास अधिकारी तेजपाल सिंह पंचायत कार्मिक पत्रकार बंधुओं का सराहनीय प्रयास सरपंच पूनम सिंह राजपुरोहित के सरपंच कार्यकाल के दौरान ग्राम पंचायत के विभिन्न वार्ड में कई ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। शिविर का सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत ने भी निरिक्षण कर शिविर में शांतिपूर्ण व्यवस्था के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारीयों व कार्मिको द्वारा लोगो के जरूरी कार्यो के निस्तारण करने पर संतोष व्यक्त किया गया । तथा विधायक ने लोगो को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का शिविर में अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर आवश्यक कार्यो का निस्तारण करने के बारे में उपस्थित लोगो को जानकारी दी गई। रानी प्रधान श्याम कंवर मेडतियां द्वारा चांचोड़ी ग्राम में माताजी मंदिर के पास वर्षो पुरानी ग्रामीणों की सीसी रोड निर्माण कार्य शुरू करवाने पर सरपंच पुनमसिंह राजपुरोहित द्वारा बहुमान किया गया । शिविर में रानी उपप्रधान शिलासिंह,कृर्षि मंडी रानी के पूर्व अध्यक्ष गिरधारी सिंह मेडतिया,जिला परिषद सदस्य दुर्गा सिरवी,पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधी दुर्जनसिंह राणावत खरोकडा, सरपंच पुनमसिंह राजपुरोहित, चिकित्साधिकारी धनराज मीणा,अति.विकास अधिकारी हीरालाल मीणा, ग्राम रोजगार सहायक भगवान लाल बामणिया।

पृथ्वीपुर विधानसभा उपचुनाव मैं निष्पक्ष और निडर होकर रिकॉर्ड तोड़ मतदान मतदाताओं ने किया : चौधरी मुकेश सिंह

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड
दैनिक पुष्पांजली टुडे
9826576206

भिण्ड ।भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक पृथ्वीपुर विधानसभा उपचुनाव प्रभारी चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी ने मीडिया से पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि उपचुनाव में पृथ्वीपुर मतदाताओं ने पूर्ण रूप से निष्पक्ष और बिना भय, निडर होकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर केंद्र और राज्य सरकार पर विश्वास व्यक्त किया है इसके लिए उन्होंने सर्व समाज के मतदाताओं को बधाई दी द्य

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक एवं उप चुनाव प्रभारी चतुर्वेदी ने कहा कि पृथ्वीपुर में रिकॉर्ड मतदान करना केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के विकास लोक जन कल्याण योजनाओं पर जनता ने विश्वास किया द्यउन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री आवास योजना महिलाओं के लिए निशुल्क उज्ज्वला योजना किसान सम्मान निधि आयुष्मान भारत योजना और प्रदेश में लाडली लक्ष्मी योजना संबल योजना ऐसी अनेकों जनकल्याण योजनाएं हैं जिससे आम जनता प्रभावित हुई है और इसी विश्वास के साथ जनता ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया ।

उन्होंने पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि पृथ्वीपुर में पहली बार रिकार्ड मतदान होना हमारे प्रत्याशी की बढ़त है ।

पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष चतुर्वेदी ने मीडिया द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि अभी तक कांग्रेस का इतिहास रहा है कि गरीब लोगों को डराना धमकाना बूथ कैप्चरिंग करना उनकी मानसिकता रही है लेकिन उपचुनाव में जनता एक बच्ची और प्रशासन ने कांग्रेसियों की गुंडागर्दी नहीं होने दी बूथ कैपचरिंग नहीं होने दी जनता ने निष्पक्ष रुप से मतदान किया और हमारे भाजपा कार्यकर्ताओं ने 11 बूथ पर अपनी नजर रखी थी और कांग्रेसियों और बूथ कैप्चरिंग करने वाले असामाजिक तत्वों को भी मुंह तोड़ जवाब दिया ।

मिलावट खोरों के विरूद्ध सख्त प्रशासनफ़

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड(ब्यूरो)। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देशन में मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार निरीक्षण एवं नमूना कार्यवाही की जा रही है। बसों एवं अन्य वाहनों, दूध डेयरियों में त्यौहार के समय मिलावटी मावा की सम्भावना को देखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा छापामार कार्यवाही कर जिले में मिलावट के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत थाना गोरमी अंतर्गत ग्राम हसनपुरा में सूचना मिलने पर गोरमी थाना प्रभारी सुरेश शर्मा, फूड इंस्पेक्टर अवनीश गुप्ता, सुश्री रेखा सोनी, रीना बंसल द्वारा कमलेश पुत्र आदिराम सिंह नरवरिया की डेयरी पर छापामार कार्यवाही कर 70 किलो नकली मावा, 250 लीटर दूध, डेढ़ क्विंटल क्रीम, 2 टीन रिफाइंड जप्त कर कार्यवाही की गई।

प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल बिरखडी को नोटिस जारी

महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। शिक्षा अधिकारी श्री हरिभुवन सिंह तोमर ने पदीय कर्तव्यो का सही ढंग से निर्वहन नहीं किये जाने पर शासकीय हाईस्कूल बिरखडी विकास खण्ड गोहद के प्राचार्य श्री एसके लोहिया को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में जवाब सप्रमाण सहित प्रस्तुत करने को कहा है। उन्होंने कहा कि क्यों न दो वार्षिक वेतनवृद्धि रोकने के लिए पत्र कलेक्टर भिण्ड को पत्र लिखा जावे। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शासकीय हाईस्कूल बिरखडी का गोहद क्षेत्र के विधायक श्री मेवाराम जाटव द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विद्यालय में गाजर घास एवं अन्य खरपतवार खडी हुई पाई गई, जिस कारण बच्चों को एलर्जी आदि की बीमारी हो सकती है।

गरीब व जरूरतमंद की दीपावली भी अच्छी मनेः ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

38 नम्बर कार्यालय पर जरूरत मदों को वितरित किए आर्थिक सहायता के चैक

ग्वालियर। गरीब व जरूरत मंद की भी दीपावली अच्छी मने, वह भी अपनी पसंद के कपडे पहन सकें व जरूरत का सामान ले सकें इसलिए आज दीपावली से पहले जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता के चैक वितरण किये जा रहे हैं। इस आशय के विचार प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यहाँ रेसकोर्स रो? ग्वालियर स्थित अपने स्थानीय कार्यालय पर चैक वितरण करते समय व्यक्त किए। उन्होंने इस अवसर पर स्वेच्छानुदान से 94 जरूरमंदों को आर्थिक सहायता के चैक सौंपे।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीब व असहायों की हितैषी सरकार है। वह सभी के हितों का ध्यान रखती है। सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को एक रूपये किलो अनाज दिया जा रहा है। निःशुल्क इलाज मिले इसके लिए आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे हैं। इसके साथ ही पट्टे देने का कार्य भी प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा मुख्यमंत्री सहायता कोष से आर्थिक सहायता दिलाई जा रही है।

श्री तोमर ने कहा कि आमजन की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से कराये जा रहे हैं। हर पात्र हितग्राही को समय पर शासन की योजनाओं का लाभ मिले हमारा यही प्रयास रहता है।

बेटी के ससुराल में सुलह कराने गए पिता, बाबा और भाईयों पर जानलेवा हमला

ग्वालियर । ग्वालियर से मुरैना के जौरा कस्बे में बेटी के ससुराल में सुलह कराने पहुंचे पिता, बाबा और भाइयों को दामाद और उनके परिजन ने स?क पर दौ?ा-दौ?ाकर पीटा और फायरिंग की जिसमें दादा को पैर में गोली लगी है। पिता को सिर में गंभीर चोट है। दोनों गंभीर रूप से घायल है। ग्वालियर पुलिस ने घायलों के बयान लिए हैं और जौरा थाना पुलिस को मामले की केस डायरी भेज दी है। जानकारी के अनुसार बहोड़ापुर के हरिहर नगर निवासी गजेन्द्र सिंह पुत्र हुब्बाराम किरार ने अपनी बेटी शशि (26) की शादी वर्ष 2013 में मुरैना जौरा निवासी ब्रजेश सिंह यादव से की थी। दोनों के एक बेटा दिव्यांश (6), बेटी कनक (4) हैं। शादी के बाद से ही दहेज के लिए पति व अन्य ससुराल वाले शशि को प्रताि?त कर रहे थे। शनिवार शाम बेटी ने पिता को मोबाइल पर फोन कर बताया कि उसकी ससुराल वालों ने बेरहमी से मारपीट की है। बेटी की मारपीट का पता चलते ही गजेन्द्र सिंह अपने चाचा मोहर सिंह निवासी बानमोर के साथ बेटी की ससुराल पहुंचे और यहां पर उन्होंने बेटी के पति व अन्य परिजनों को समझाने का प्रयास किया। इस पर वह गजेन्द्र का दामाद बृजेश व अन्य उनसे ही भि? गया और विवाद करने लगा, पिता की बेइज्जती होते देख बेटी ने विरोध किया तो ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बेटी को पिटते देखकर पिता व बाबा ने उसे बचाने का प्रयास किया तो उनकी मारपीट शुरू कर दी और कुछ ही देर में ससुराल वाले बंदूक, डंडे लेकर उन पर टूट प?। किसी तरह बेटी को बचाकर वहां से भाग रहे गजेन्द्र व मोहर सिंह को ससुराल वालों ने दौ?ा-दौ?ाकर पीटा और गोली चला दी। गोली मोहर सिंह के पैर में लगी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बेटी, पिता और बाबा को उपचार के लिए भर्ती कराया, जहां पर उनकी हालत गंभीर देखकर उन्हें ग्वालियर रैफर कर दिया। रात करीब 3 बजे घायलों को ग्वालियर लाया गया। पुलिस द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां पर घायल गजेन्द्र और मोहर सिंह की हालत नाजुक है।

सांस्कृतिक विज्ञान पंडाल ज्ञान और मनोरंजन का अद्भुत मेल है : श्री जी. एस. मौर्य

वैज्ञानिक सोच वाले 65 बाल वैज्ञानिक पुरूष्कृत

ग्वालियर। सांस्कृतिक विज्ञान पंडाल ज्ञान और मनोरंजन का अद्भुत मेल है। उक्त आशय के विचार अपर संचालक जनसम्पर्क श्री जी. एस. मौर्य ने कल यहां सांस्कृतिक विज्ञान पंडाल पद्मा विद्यालय में संबोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने शिक्षा उसके व्यवहारिक पक्ष और वैज्ञानिक दृष्टिकोंण को जीवन में स्थान देकर बच्चों को आगे ब?ने की अपील की। सांस्कृतिक विज्ञान पंडाल के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं में वैज्ञानिक सोच वाले 65 बाल वैज्ञानिकों को पुरस?त किया गया।

अपर संचालक श्री मौर्य ने कहा कि विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रतियोगिताओं में अपनी रूचि और समझ का जो परिचय दिया है वह समझ उन्हें दूर तक कामयाब बनायेगी। इनमें से कई प्रतिभायें आगे चलकर हमारे देश को अपने योगदान से लाभांभित करेंगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पद्मा विद्यालय के प्राचार्य श्री अशोक श्रीवास्तव ने छात्रों की इस वैज्ञानिक समागम की भरपूर सराहना की। साथ ही कहा कि कोविड-19 का खतरनाक दौर पार करने के बाद आज छात्र/छात्राओं का इतना ब?ा समूह रचनात्मक और वैज्ञानिक सोच के साथ यहां बैठा हुआ है, यह बहुत ही सुखद है। उन्होंने विज्ञान परिषद और उनके सचिव को इस आयोजन के लिए पद्मा विद्यालय का चयन करने पर साधुवाद दिया।

इस आयोजन में भारी मात्रा में प्रतियोगियों के साथ साथ छात्र/छात्राऐं एवं अध्यापक अध्यापिकायें उपस्थित थे। इस अवसर विशिष्ट अतिथि श्री अशोक दीक्षित, सहायक जिला समन्वयक, माध्यमिक शिक्षा अभियान ने भी छात्रों से इस प्रकार के आयोजनों में पूरे उत्साह एवं जोश के साथ भागीदारी करने पर बल दिया। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को वैज्ञानिक सोच विकसित करने में उत्प्रेरक का कार्य करते हैं।

इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ डॉ. ज्योति प्रियदर्शनी ने कोविड-19 पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बच्चों को सावधान रहने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि मास्क लगाकर रखें और दूरी भी बनाकर रखें। यह आयोजन राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद एवं युवा विज्ञान परिषद मध्य प्रदेश द्वारा संयुक्त रूप से सांस्कृतिक विज्ञान पंडाल शासकीय पद्मा कन्या विद्यालय कम्पू, ग्वालियर में किया गया। सांस्कृतिक विज्ञान पंडाल के आयोजन का उद्देश्य सामुदायिक देखभाल और स्वास्थ्य सुरक्षा उपायों के लिए विज्ञान की सार्वजनिक समझ को ब?ावा देने के लिए सांस्कृतिक विज्ञान पंडाल के माध्यम से वैज्ञानिक स्वभाव विकसित करना है। आयोजन का मुख्य विषय कोविड-19 एवं इससे रोकथाम रखा गया था।

आयोजन के दौरान सांस्कृतिक विज्ञान पंडाल के लिए तैयार किये गये कोविड-19 पर आधारित लोकगीतों का प्रदर्शन किया गया जिसमें - घर में रहने, घर बाहर न जाउने, कोरोना काल कां हराउने, सबका जीवन सबका मन, स्वस्थ्य रखेंगे सबका तन आदि की प्रस्तुति दी गई। आयोजन के दौरान सीहोर से विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित श्री सुनील सारथी के निर्देशन में पुतल शो का आयोजन किया गया जिसमें कलकारों द्वारा ग्लब्स पपेट के माध्यम से कोविड-19 पर आधारित स्क्रिप्ट पर प्रस्तुति दी। आयोजन में विशेष रूप से श्री एस. सी. अरोरा, पूर्व संयुक्त संचालक, जन सम्पर्क, ग्वालियर, परिषद के सचिव सुनील आनंद, उत्कृष्ट विद्यालय की डॉक्टर दीप्ती गौ? आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री महेन्द्र शुक्ला द्वारा किया गया।

प्रतियोगिताओं में पुरूष्कृत बाल वैज्ञानिकों की सूची

पोस्टर प्रतियोगिता समूह अ प्रथम मंजीत सिंह कनेरिया, सैंट क्वीन विद्यालय, द्वितीय युग बंसल, मिसहिल विद्यालय, तृतीय अंशुका राजौरिया समूह ब में अदिति पवैया, उत्कृष्ठ विद्यालय मुरार, द्वितीय भूमी गुप्ता मिसहिल विद्यालय, तृतीय सिद्धी जैन, पद्मा कन्या विद्यालय समूह स में प्रथम युवराज सिंह उत्कृष्ट विद्यालय, द्वितीय सेवी शर्मा, तृतीय श्रुति सविता, पद्मा कन्या विद्यालय कविता/गीत प्रतियोगिता समूह अ प्रथम सृष्टि पाल मिसहिल स्कूल, द्वितीय कुश रस्तौगी, मिसहिल विद्यालय, तृतीय माधव श्रीवास्तव मिसहिल विद्यालय समूह ब प्रथम याशिका अग्रवाल उत्कृष्ट विद्यालय, द्वितीय राखी बघेल, पद्मा कन्या विद्यालय, तृतीय शुभ अग्रवाल मिसहिल समूह स मुस्कान गुप्ता प्रथम, पद्मा विद्यालय, शिवानी चौहान द्वितीय एवं ईशा जैन तृतीय स्थान प्राप्त किया। डाक्यूमेंटी भूमि कुशवाह प्रथम, नैना कुशवाह द्वितीय एवं भावना धाक? तृतीय स्थान पर रहीं। विज्ञान कथा/कहानी हेमलता कुशवाह प्रथम, रिया गुर्जर द्वितीय, रामकृष्ण विद्या मंदिर एवं अर्शी वहाल तृतीय। विज्ञान नाटक निकिता माहौर प्रथम शिवानी जाटव द्वितीय दिव्या

क्रेडिट रीच अभियान के तहत आज बाल भवन परिसर में कार्यक्रम का आयोजन

ग्वालियर 31 अक्टूबर 2021/ भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के तहत ग्वालियर जिले में भी ÷क्रेडिट आउट रीच÷ अभियान चलाया जा रहा है। इस परिपालन में प्रदेश के स्थापना दिवस यानि एक नवम्बर को यहां बाल भवन में प्रातः 11 बजे से कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में विभिन्न बैंकों एवं राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्टॉल लगाए जायेंगे। क्षेत्रीय प्रबंधक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस दौरान प्रधानमंत्री पथ विक्रेता योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, कृषि अधोसंरचना फंड सहित विभिन्न स्वरोजगारमूलक योजनाओं के हितग्राहियों के ऋण प्रकरण स्वीकृत व वितरित होंगे। साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना व अटल पेंशन योजना से ग्राहकों को जो?ा जायेगा। आधार एवं मोबाइल सीडिंग का कार्य भी इस दौरान होगा। इसके अलावा बैंक के डिजिटल प्रोडक्ट एवं भीम एप व ई-रूपी इत्यादि का प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा।

पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी एवं पूर्व गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल के बलिदान एवं त्याग को भारत देश कभी नही भूल पायेगाः डॉ. देवेन्द्र शर्मा

ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में आज भारत की पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न श्रीमती इंदिरा गांधी जी की 37वीं पुण्यतिथि एवं देष के पूर्व गृहमंत्री लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 146वीं जयंती पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा छत्री मंडी स्थित लेडिस पार्क में भारत रत्न श्रीमती इंदिरा गांधी जी की प्रतिमा एवं लौहपुरूष श्री पटेल के चित्र पर सभी कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण कर पुष्पाजंली दी। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने सभी कांग्रेसजनो को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की आम जनमानस श्रीमती इंदिरा गांधी जी के बलिदान एवं देश के लिये किये गये विकास एवं आत्मनिर्भर बनाने में उनके द्वारा किए गए कार्यो को हमेशा स्मरण एवं आदर्श के रूप में मानेंगे। उन्होंने जीवन की अंतिम सांस तक देश की एकता एवं अखण्डता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाली शख्सियत तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर, साक्षर एवं उनके अधिकारों के लिए ल?ने के लिए प्रेरणादायी के रूप में पहचाना जाएगा। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि भारत के पूर्व गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल जिन्होंने कि देश की स्वतंत्रता की ल?ाई में अग्रणी भूमिका निभाई और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू जी के नेतृत्व में श्री पटेल ने गृहमंत्री के रूप में भारत की सेनाओं को मजबूत नेतृत्व प्रदान किया तथा सूबो में देश बटा हुआ था जिनकी संख्या लगभग 500 से अधिक थी देश की इन विभिन्न रियासतों के शासन को भारत में सम्मलित कराकर एक सशक्त भारत का निर्माण किया और धर्मनिरपेक्ष राष्ट बनाने के संकल्प को पूरा किया। उन्होनें देश में लोकतंत्र की ज? मजबूत करने के लिए अनेक क? कदम उठायें उनकी दृ? इच्छा एवं आत्मविष्वास के कारण ही उन्हें देश ही विदेश में भी उन्हें लौहपुरूष के नाम से जाना जाता है। कार्यक्रम में विधायक डॉ. सतीश सिकरवार, प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा, पूर्व सांसद रामसेवक सिंह बाबूजी, पूर्व अध्यक्ष चंन्द्रमोहन नागोरी, हरिओम शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष अमर सिंह माहोर, वीर सिंह तौमर, चतुर्भुज धनोलिया, युवा कांग्रेस अध्यक्ष हेवरन सिंह कंसाना, महिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. रूचि गुप्ता, सेवादल अध्यक्ष हरेन्द्र सिंह गुर्जर, महिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष वीणा भारद्वाज, सरमन सिंह राय, राजू राय, तरूण यादव, जेएच जाफरी, सुरेन्द्र यादव, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश खान, राकेश गुर्जर, राजेश बाबू, कैलाश चावला, देशराज भार्गव, कुसुम शर्मा, सीमा समाधिया, निधि शर्मा, रचना कुशवाह, वर्षा कुशवाह, रानू शर्मा, गीता गुप्ता, मेहबूब चेन वाले, कृष्णकांत समाधिया, विकास जेन, बाबूलाल चौरसिया, हमीद खां उस्मानी, संजीव दीक्षित, राजेश जाटव, प्रमोद जेन, राहुल सिंह बघेल, जीतू कुशवाह, एम.एम. अंसारी, गोरव मिंगेश, नरेन्द्र मेकले, राजा राजपूत, अविनाश गुप्ता, पवन रजक, कपिल पाल, बालकृष्ण माने, आकाश सिंह, अजय भदोरिया, नवल कुशवाह, सोहिल खान, अब्दुल रज्जाक, राजकिशोर उपाध्याय, विजय सिंह मोर्य, महादेव अपोरिया, राकेश माने, जसवंत वर्मा, प्रताप राव महाडिक, विष्णूकांत शर्मा, उपेन्द्र कुमार पंडित, शुभम मधुरिया उपस्थित थे।

पुलिस स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को एसपी ग्वालियर ने किया पुरस्कृत

ग्वालियर। पुलिस द्वारा पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 21.10.2021 से 31.10.2021 तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनमें सबसे पहले दिनांक 21.10.2021 को एसएएफग्राउण्ड कम्पू स्थित शहीद स्मारक पर शहीदजवानों को श्रद्धांजलिदीगई।इसके बाद प्रतिदिननिर्धारितअल्ग-अल्गकार्यकम आयोजित किए गए।दिनांक 21.10.2021 को पुलिस लाईन ग्वालियर में स्मृति दिवस समारोह पर 10 दिवसीय खेलप्रतियोगिताओंका शुभारंभ किया गया। इन खेलप्रतियोगिताओं में बॉलीबाल, कबड्डी, बेडमिंटन, दौड़ आदि को सम्मलित किया गया। पुलिस लाईन में रक्तदानशिविर का भी आयोजन किया गया। इस बार पुलिस स्मृति दिवस एवं पुलिस झण्डा दिवस को पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर 21 से 31 अक्टूबर तक मनायागया।इस दौरान ग्वालियर पुलिस द्वारा पुलिस शहीदों के योगदान को दर्शाती हुई प्रदर्शनीवाहनकोशहर के विभिन्नस्थानों पर भ्रमण कराया गया। ग्वालियर जिले के विभिन्नस्कूलें/कॉलेजों में राष्ट्र निर्माण में पुलिस की भूमिका विषय पर बाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाकरविजेताप्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया।

दिनांक 30.10.2021 को शहर के प्रमुख स्थान बैजाताल पर बीएसएफ एवं एसएएफ केबैण्डद्वारा प्रस्तुतिदेकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। ग्वालियर पुलिस द्वाराहथियारों, लड़ाकूवाहनों तथा उपकरणों की प्रदर्शनीआमजन के लिये लगाई गई। दिनांक 31.10.2021 को ग्वालियर पुलिस द्वारामिनीमैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें 250 धावकों द्वारा भागलिया गया।

विधाराक कार्यालरा पर मनी सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जरांती एवं इन्द्रारगॉधी जी का वलिदान दिवस

ग्वालियर। आज सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री इन्द्रागॉधी जी का वलिदान दिवस कॉंग्रेस पार्टी के विधायक डॉ.सतीश सिकरवार जी के कार्यालय पर मनाया गया इस अवसर पर सरदार पटेल जी एवं इन्द्रागॉधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं 101 महिला कॉंग्रेस कार्यकर्ताओं का पुष्पहार, श्रीफल, शॉल, एवं साडी भेंट कर सम्मान किया गया इस अवसर पर विधायक जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि दोनो महापुरूष की जयंती और वलिदान दिवस के अवसर पर मुझे उन्हे याद करते हूये बहुत ही सुख की अनुभूती एवं महिला वहनों का सम्मान करते हूये अपने आप को गोरवांवित महसूस कर रहा हुँ। और में इस अवसर पर सभी महिला बहनों से आशा और विशवास रखता हूँ कि वो आंगे भी इसी तरह से पार्टी को ऊचांईयों तक पहुचानें के लिये हमेशा कार्य करती रहेंगी एवं जिला अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा जी ने इस कार्यक्रम के लिये विधायक जी को बहुत ही धन्यवाद दिया एवं अपने उद्बोधन में उन्होने कहा कि कॉंग्रेस पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसने सर्वहारा वर्ग की चिंता की एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं इन्द्रगॉधी जी ने देश हित में कई कार्य किये और सम्मान समारोह की सराहना करते हुये उन्होनें कहा कि ग्वालियर में कॉंग्रेस पार्टी द्वारा ऐसे कार्यक्रम किया गया है जिसको देखकर आंगे से इस अवसर पर पूरे देश में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम का संचालन अवधेश कौरव जी ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल, अमर सिंह माहोर, वीर सिंह तोमर, चतुर्भुज धनोलिया, प्रदेश प्रवक्ता राम पांडे महिला कॉंग्रेस अध्यक्ष रूचि राय ठाकुर पूर्व नेता प्रतिपक्ष कृष्णरॉव दीक्षित, यूथ कॉंग्रेस अध्यक्ष हेवरन सिंह कंषाना का सम्मान किया गया।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478